जोधपुर, सोमवार, 11 अगस्त, 2025 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14675 :: वर्ष 21 :: अंक 318

# हुक्मनामा समाचार

जोधपुर, जयपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

## पीएम ने बेंगलुरु मेट्रो की यलो लाइन का उद्घाटन किया

# ऑपरेशन सिंदूर ने पूरी दुनिया को कराए नए भारत के स्वरूप के दर्शन-पीएम मोदी





**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा है कि इससे पूरी दुनिया ने नए भारत के इस स्वरूप के दर्शन किए। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार बेंगलुरु पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने मेट्रो की येलो लाइन का उद्घाटन किया और तीसरे चरण की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता उन्नत तकनीक और %मेक इन इंडिया% पहल की ताकत पर आधारित थी, जिसमें बेंगलुरु और कर्नाटक के युवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा,ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पीछे बहुत बड़ी वजह हमारी टेक्नोलॉजी और डिफेंस में मेक इन इंडिया की ताकत है। इसमें बेंगलुरु और कर्नाटक के युवाओं का बहुत बड़ा योगदान है। मैं इसके लिए सभी का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं की सफलता, सीमापार कई किलोमीटर भीतर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने की ताकत और आतंकवादियों के बचाव में उतरे पाकिस्तान को कुछ ही घंटों में घुटनों पर लाने की हमारी क्षमता को दुनिया ने देखा है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बेंगलुरु को हम एक ऐसे शहर के रूप में उभरता देख रहे हैं जो न्यू इंडिया के राइज का सिंबल बन चुका है।

### मोदी का ट्रम्प को डेड इकोनॉमी कहने पर जवाब

## भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर

**देश उपलब्धियों का परचम लहरा रहा**



**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को उनका नाम लिए बिना जवाब दिया। मोदी ने बेंगलुरु में कहा- भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती इकोनॉमी है। हम 10 वें नंबर से टॉप 5 में आ गए हैं। जल्द ही टॉप 3 में आएंगे। ये ताकत रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म से मिली है। देश की उपलब्धियों का परचम आसमान में लहरा रहा है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति ने 31 जुलाई को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाते हुए भारत और रूस को डेड इकोनॉमी बताया था। ट्रम्प ने कहा था- भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या। इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पीएम मोदी ने कहा- भारतीय सैनिकों की आतंकियों और पाकिस्तान को घुटने में लाने की क्षमता को पूरी दुनिया ने देखा है। इसकी सफलता के पीछे हमारी टेक्नॉलॉजी और मेक इन इंडिया की ताकत है। इसमें बेंगलुरु के युवाओं का भी बहुत योगदान है।

**पीएम ने 3 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई** पीएम आज कर्नाटक के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन पर 3 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इनमें बेंगलुरु से बेलगावी, अमृतसर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा और नागपुर (अजनी) से पुणे तक की ट्रेनें शामिल हैं।

एक ऐसा शहर, जिसकी आत्मा में तत्व ज्ञान है और जिसके एक्शन में टेक ज्ञान है। एक ऐसा शहर, जिसने ग्लोबल आईटी मैप पर भारत का परचम लहराया है। उन्होंने बेंगलुरु की सक्सेस स्टोरी के लिए शहरवासियों की मेहनत और उनके टैलेंट को श्रेय दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में अर्बन प्लानिंग और अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर हमारे शहरों की जरूरत है। बेंगलुरु जैसे शहरों को हमें भविष्य के लिए तैयार करना है।

भारत सरकार की तरफ से शहर में हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाएं पिछले समय में शुरू की गई। अब अभियान को एक नई गति मिल रही है और मेट्रो की येलो लाइन का उद्घाटन हुआ है। मेट्रो के तीसरे चरण की आधारशिला रखी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### आर्मी चीफ बोले- अगला युद्ध जल्द हो सकता है

**चेन्नई।** भारत के थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान से जल्द ही दोबारा युद्ध होने की आशंका जताई है। उन्होंने कहा-अगला युद्ध जल्द हो सकता है। हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी और इस बार हमें यह लड़ाई मिलकर लड़नी होगी। इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जनरल द्विवेदी ने कहा-ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार ने हमें फ्री हैंड दिया था। ऑपरेशन में हम चेस खेल रहे थे। हमें नहीं पता था दुश्मन की अगली चाल क्या होगी और हम क्या करने वाले हैं। ऐसे ही पाक को भी हमारी चाल का नहीं पता था। जनरल द्विवेदी ने कहा कि इसे ग्रे जोन कहा जाता है। इसका मतलब है कि हम पारंपरिक ऑपरेशन नहीं कर रहे हैं। थल सेनाध्यक्ष ने 4 अगस्त को आईआईटी मद्रास में अग्निशोध- इंडियन आर्मी रिसर्च सेल के उद्घाटन के दौरान यह बात कही थी। इसका वीडियो आज सामने आया।

### केंद्रीय मंत्री गोपी के खिलाफ केरल में शिकायत दर्ज

**तिरुवनंतपुरम।** केरल छात्र संघ ने रविवार को त्रिशूर ईस्ट पुलिस में केंद्रीय मंत्री और त्रिशूर से सांसद सुरेश गोपी के संसदीय क्षेत्र से गायब होने की शिकायत दर्ज कराई है। केएसयू जिला अध्यक्ष गोकुल गुरुवायूर के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में दो केरल ननों की गिरफ्तारी के बाद से सुरेश गोपी क्षेत्र में नजर नहीं आए। गोकुल ने कहा,पिछले दो महीने से गोपी किसी भी स्थानीय कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। यहां तक कि त्रिशूर के मेयर और राज्य सरकार में राजस्व मंत्री के. राजन भी उनसे संपर्क नहीं कर पाए। केएसयू ने मंत्री के खिलाफ अभियान चलाने की चेतावनी दी है और उनकी अनुपस्थिति की जांच की मांग की है। संगठन का कहना है कि मंत्री ने ननों की गिरफ्तारी, वोटर लिस्ट में गड़बड़ी जैसे मुद्दों पर भी चुप्पी साधी हुई है।

### राजनाथ बोले- आतंकियों ने पहलगाम में धर्म पूछकर मारा था, मने उन्हें कर्म देखकर मारा



**रायसेन।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- मध्यप्रदेश में रक्षा क्षेत्र का केंद्र बनने के लिए हर गुण है। सभी संसाधन हैं। रायसेन में रेल कोच का निर्माण तो होगा ही, रेलवे के अलग-अलग प्रोडक्ट्स भी बनाए जाएंगे। देशभर की स्पीड ट्रेनों में एमपी में बनने वाले रेलवे कोच लगेंगे। मध्यप्रदेश का औद्योगिक विकास देश को भी विकास की नई ऊंचाई पर लेकर जाएगा। उन्होंने कहा- आज रायसेन के उमरिया में 1800 करोड़ की लागत से ग्रीनफील्ड रेल कोच फैक्ट्री का भूमिपूजन हुआ है। इससे 5 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। रक्षा क्षेत्र के माध्यम से मध्यप्रदेश में जो भी हो सकेगा, मैं सदैव तैयार रहूंगा। कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- एमपी में कोच फैक्ट्री बनने से रेलवे का ईको सिस्टम आगे बढ़ेगा। हम चाहते हैं कि केवल भारत का ही कल्याण न हो, बल्कि संपूर्ण विश्व का कल्याण होना चाहिए। इसका मतलब यह नहीं है कि कोई भी हम पर हमला कर दे।

### एमपी में अगस्त की शुरुआत में बारिश नहीं

## दिल्ली में यमुना खतरे के निशान के करीब



**नई दिल्ली।** दिल्ली में तेज बारिश के कारण 300 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट हुईं। जैतपुर इलाके में मोहन बाबा मंदिर के पास एक 100 फुट लंबी दीवार गिरी, मलबे से 8 लोगों दब गए थे। इलाज के दौरान 7 की मौत हुई। रविवार को यमुना का जलस्तर खतरे के निशान 205 मी. से नीचे है।मध्य प्रदेश में भोपाल समेत आधे से ज्यादा राज्य में 24 साल में पहली बार है कि अगस्त महीने के पहले 9 दिन बिना बारिश के बीते। यहां 1 मिमी भी बारिश नहीं हुई। 14 अगस्त से मौसम बदलने के आसार हैं, क्योंकि 13 अगस्त को बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बनने की संभावना है, जो एक बड़े मानसूनी सिस्टम में बदल सकता है।यूपी में बीते एक हफ्ते से तेज बारिश जारी है। आज भी 5 जिलों में बहुत तेज बारिश हो रही है। शनिवार को 24 घंटे में यूपी के 72 जिलों में बारिश में 16.2 मिमी बारिश हुई, जो मौसम विभाग के अनुमान 7.1 मिमी से 128 प्रतिशत ज्यादा है। 1 जून से 9 अगस्त तक यूपी में 473.3 मिमी बारिश हुई, जो अनुमान 423.5 मिमी से 12 प्रतिशत अधिक है।

### रॉबर्ट वाड्रा पर 58 करोड़ की अवैध कमाई का आरोप

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी चार्जशीट में दावा किया है कि कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने 58 करोड़ रुपए अवैध रूप से कमाए। उन्होंने इस रकम का इस्तेमाल प्रॉपर्टी खरीदने और इन्वेस्टमेंट में किया। साथ ही अपने ग्रुप की कंपनियों को लोन दिया और उनके कर्ज चुकाने में भी किया। न्यूज एजेंसी एएनआई ने ईडी के हवाले से बताया, वाड्रा को करीब 5 करोड़ रुपए ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड के जरिए मिले। बाकी 53 करोड़ रुपए स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड के जरिए आए।

## कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने राहुल गांधी को जारी किया नोटिस



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के आरोपों के संबंध में नोटिस जारी किया है। नोटिस में राहुल गांधी से उन दस्तावेजों की मांग की गई है जिनके आधार पर उन्होंने चुनाव आयोग पर आरोप लगाए थे।

नोटिस में कहा गया है कि राहुल गांधी ने अपनी प्रस्तुति के दौरान दावा किया था कि यह डेटा चुनाव आयोग का है और पोलिंग ऑफिसर के रिकॉर्ड में 'शकुन रानी' नाम की महिला का नाम दो बार दर्ज है। राहुल गांधी के अनुसार, संबंधित वोटर कार्ड पर टिक का निशान पोलिंग बूथ अधिकारी द्वारा डाले गए वोट को दर्शाता है। चुनाव अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जांच में शकुन रानी ने यह बयान दिया है कि उन्होंने केवल एक बार ही वोट डाला, न कि दो बार जैसा कि आरोप लगाया गया है। इसके अलावा, प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि जिस 'टिक' लगे दस्तावेज को राहुल गांधी ने दिखाया था, वह पोलिंग ऑफिसर द्वारा जारी नहीं किया गया था। नोटिस में राहुल गांधी से कहा गया है— आपसे अनुरोध है कि जिन दस्तावेजों के आधार पर आपने यह दावा किया है कि शकुन रानी या किसी अन्य व्यक्ति ने दो बार वोट डाला है, वे दस्तावेज उपलब्ध कराएं ताकि मामले की निष्पक्ष जांच की जा सके।

### बिहार में डबल वोटर आईडी पर बखेड़ा

## तेजस्वी यादव ने उप मुख्यमंत्री पर दो मतदाता पहचान पत्र रखने का लगाया आरोप



**पटना।** तेजस्वी यादव ने बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा पर दो मतदाता पहचान पत्र रखने का गंभीर आरोप लगाकर नया विवाद खड़ा कर दिया है। यादव ने चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध सबूतों का हवाला देते हुए सवाल किया कि क्या आयोग सिन्हा पर भी कार्रवाई करेगा, जैसा कि उन्हें खुद नोटिस भेजा गया था। उन्होंने उपमुख्यमंत्री के इस्तीफे और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है, साथ ही चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा पर दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में दो मतदाता पहचान पत्र रखने का आरोप लगाया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, तेजस्वी यादव ने सिन्हा पर आरोप लगाते हुए इसके सबूत भी पेश किए।

## देश की शीर्ष दस कंपनियों में से छह का बाजार पूंजीकरण 1.36 लाख करोड़ रुपए घटा



**मुंबई।** भारत की शीर्ष दस सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में इस हफ्ते 1.361 लाख करोड़ रुपए की गिरावट आई है, जिसमें सबस अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की अनुचित घोषणा के बाद शेयर बाजार लगातार छठे हफ्ते गिरावट के साथ बंद हुआ।

निफ्टी और सेंसेक्स लगभग एक प्रतिशत गिरकर क्रमशः 24,363 और 79,857 पर बंद हुए। निफ्टी पैक की शीर्ष दस कंपनियों में से, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसी आईसीआई बैंक, इंफोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई।

### पेनल्टी कॉर्नर




### पटेला री पोल

राजस्थान में रेप बढ़ रहे, पुलिस प्रशासन मौन<br>
अपराधी बेलगाम हो गए, जनता की सुनेगा कौन<br>
विपक्ष में आरोप लगाने वाले, राज में अपने शांत<br>
हालात ऐसे बने रहे तो, अशांत हो जाएगा प्रांत

..मुखिया जी

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में होगा आयोजन

## झुंझुनूं में आज प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत राष्ट्र स्तरीय डीबीटी कार्यक्रम होगा आयोजित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में 11 अगस्त (सोमवार) को झुंझुनूं में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन 2024 की बीमा दावा राशि की पहली किश्त डीबीटी के माध्यम से राष्ट्रव्यापी स्तर पर किसानों के खातों में हस्तांतरित की जाएगी। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतिकात्मक चेक का भी वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री शर्मा व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री चौहान के द्वारा राज्य में लगभग 27 लाख फसल बीमा धारक किसानों को लगभग 1200 करोड़ रुपये की राशि का डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। इस कार्यक्रम के जरिए रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन 2024 की बीमा दावा राशि की पहली किश्त देश के लाखों किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से पहुंचेगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत राज्य सरकार के कार्यकाल में (जुलाई 2025 तक) कुल 148 लाख पात्र फसल बीमा पॉलिसी धारक किसानों को 3 हजार 912.53 करोड़ रुपये के फसल बीमा क्लेम का भुगतान किया गया है।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की यात्रा की तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा



**झुंझुनूं ।** जिले में आज सोमवार को होने वाले प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत क्लेम वितरण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को कृषि विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजन विशाल कृषि आयुक्त चिन्मयी गोपाल, जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग, एसपी ब्रजेश उपाध्याय ने हवाई पट्टी स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वीआईपी प्रवेश, जनता के लिए प्रवेश द्वार, पार्किंग, मंच, छायादार व्यवस्था, पेयजल और सुरक्षा के इंतजामों की जानकारी ली। प्रमुख शासन सचिव राजन विशाल ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी की जाएं, ताकि कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने किसानों के लिए विशेष सुविधाओं का भी ध्यान रखने के निर्देश दिए।

## संसद सदस्यों के लिए नवनिर्मित 184 टाइप-VII बहुमंजिला फ्लैटों का प्रधानमंत्री उद्घाटन करेंगे

### लोकसभा अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री, सदन समिति (लोकसभा) के अध्यक्ष, संसद सदस्य तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद होंगे

**नईदिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के बाबा खड़क सिंह (बीकेएस) मार्ग पर सांसदों के लिए नवनिर्मित 184 टाइप-VII बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर, प्रधानमंत्री आवासीय परिसर में सिंदूर का पौधा भी लगाएंगे। कार्यक्रम के दौरान वे श्रमजीवियों के साथ संवाद भी करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य और ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, सदन समिति (लोकसभा) के अध्यक्ष डॉ. महेश शर्मा, संसद सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस मौके पर उपस्थित रहेंगे।

इस परिसर में सांसदों के कार्यों से जुड़ी ज़रुरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। हरित प्रौद्योगिकी को शामिल करते हुए, यह परियोजना गृह 3-स्टार रेटिंग के मानकों का पालन करती है और राष्ट्रीय भवन संहिता (एनबीसी) 2016 का पालन करती है। पर्यावरण के लिहाज़ से तैयार की गई इन खास विशेषताओं से ऊर्जा संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन में योगदान मिलेगा।

CMYK

# चौकड़ी महादेव भाकर पर अवैध खनन को लेकर ग्रामीण हुए लामबंद

## अवैध खनन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए खाई खोद कर रास्ता रोका





**हुक्मनामा समाचार**

**पीपाड़ शहर।** क्षेत्र के प्रसिद्ध चौकड़ी कला महादेव झरना भाकर पर अवैध खनन को लेकर सरपंच टाक के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए खनिज विभाग व उपखंड प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन को सूचित करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

चौकड़ी कला ग्राम पंचायत के क्षेत्राधिकार में स्थित झरना महादेव मंदिर सावन मास एवं शिवरात्रि के पर्व पर रोजाना हजारों की तादाद में यहां आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों श्रद्धालु दर्शन करने एवं पहाड़ी क्षेत्र का विहंगम दृश्य निहारने के लिए आते हैं। लेकिन अब इस पहाड़ी पर जोरों से अवैध खनन होने प्राकृतिक सौंदर्य एवं वन्यजीवों के लिए खतरा मंडरा रहा है। अवैध खनन की रोकथाम को लेकर ग्राम पंचायत के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने खनन स्थल पर पहुंचकर खनन रुकवाया। तथा खान की ओर जाने वाले रास्ते पर जेसीबी से खड्डा खोदकर बंद कर दिया। वही इस अवैध खनन को लेकर चौकड़ी सरपंच चंपालाल टाक के नेतृत्व में पीपाड़ शहर उपखंड अधिकारी नेमाराम चौधरी को ज्ञापन देकर अवैध खनन रोकने की मांग की।

**ग्रामीणों ने यह लगाया आरोप :** ग्रामीणों ने बताया कि 31 मार्च को माईनिंग सेंडस्टोन का ठेका पुरा हो गया। इसके बाद भी यहां पर जोरों से अवैध खनन किया जा रहा है जिसे प्राकृतिक सौंदर्य व वन्य जीवों के लिए खतरा है। पीपाड़ शहर उपखण्ड अधिकारी को दिए ज्ञापन में बताया कि चौकड़ी कला के महादेव जी की पहाड़ी पर उम्मेद सिंह खोजा निवासी खांगटा द्वारा पिछले काफी दिनों से अवैध खनिज निकाल रहा है जिसको ग्राम वासियों एवं जनप्रतिनिधि द्वारा कई बार मना किया गया। इसके बावजूद भी अवैध खनिज निकाला जा रहा है। इसको लेकर ग्रामवासियों में आक्रोश है। अवैध खनन की जांच करवा कर बंद करवाने की व्यवस्था करवाने की मांग की। तथा आरोपी के खिलाफ नियम अनुसार उचित कार्यवाही करने की भी मांग की। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि समय रहते अवैध खनन को नहीं रोका गया तो जबरदस्ती अवैध खनिज को बंद करवाया जाएगा जिसमें किसी प्रकार की अनहोनी घटना होगी तो समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। वहीं उम्मेदसिंह खोजा ने बताया कि उसकी स्वीकृत खान से ही वह पत्थर खनन कर रहा है अवैध खनन दूसरे लोग कर रहे हैं वह नहीं कर रहा है।

**इनका कहना :** मैंने फोरमैन को कई बार फोन किया लेकिन फोन रिसीव नहीं किया। सेंड स्टोन के अलावा पहाड़ी के अन्य क्षेत्र को खनन कर कंकरीट निकाली जा रही है। जिसे वन सम्पदा को नुकसान हो रहा है। प्रशासन को इस अवैध खनन को रोकने के लिए सूचित भी किया।

**-सरपंच चंपालाल टाक, चौकड़ी कला**

खनिय अभियंता जोधपुर को इस अवैध खनन के बारे में सूचित कर दिया है आगे की आवश्यक कार्रवाई खनिज विभाग द्वारा की जाएगी वहीं बोरुंदा थाना अधिकारी को भी इस बारे में अवगत करा दिया है।

**-नेमाराम चौधरी, उपखंड अधिकारी पीपाड़ शहर**

# बाबा रामदेवरा मेले में जेआरडी समिति का 15वां भंडारा प्रारंभ



**हुक्मनामा समाचार**

**फलौदी।** जय रुणिचा दरबार सेवा समिति (जेआरडी) द्वारा बाबा रामदेवरा मेले में आने वाले जातरुओं के लिए 15 वां भंडारा रविवार को धूमधाम से प्रारंभ किया गया। शहर के एकां चौराहा, रामदेवरा रोड स्थित भंडारे का शुभारंभ बाबा रामदेवजी की पूजा- आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर श्रीनाथजी के परम भक्त श्यामसखी ने विधिवत रूप से भंडारे का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में गौसेवक प्रकाश व्यास (जाखण) भाजपा देहात उत्तर जिलाध्यक्ष श्रीमती ज्योति जाणी, भाजपा नेता युद्धवीर सिंह विश्नोई, कांग्रेस नेता अभिषेक चौधरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर सेवा कार्य की सराहना की। जेआरडी के प्रमुख सदस्य रामसा थानवी और चतुर्भुज सोनी ने बताया कि समिति द्वारा लगातार 15 वर्षों से यह भंडारा आयोजित किया जा रहा है। इसकी शुरुआत हर घर से चार रोटी एकत्रित कर सेवा कार्य शुरू करने से हुई थी। बाद में भामाशाहों, जनसेवियों, राजनेताओं और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से यह सेवा विस्तार पाती गई।

वर्तमान में रोजाना बाबा के हजारों भक्त भंडारे में प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। समिति के सदस्यों की नि:स्वार्थ सेवा भावना और आपसी समर्पण इस आयोजन की सफलता का मुख्य आधार है। जेआरडी ग्रुप का कहना है कि जब तक बाबा का आशीर्वाद और समाज का सहयोग मिलता रहेगा, यह सेवा कार्य अनवरत जारी रहेगा। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि बाबा रामदेवरा के मेले में यह भंडारा न केवल जातरुओं के लिए भोजन की व्यवस्था करता है, बल्कि सेवा और सहयोग की मिसाल भी पेश करता है।

# स्वदेशी जागरण मंच द्वारा विशाल रैली का आयोजन




**हुक्मनामा समाचार**

**सोजत।** मेहंदी नगरी सोजत में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के तहत विशाल रैली निकाली गई तथा शहर वासियों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और उपयोग तथा विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करने के लिए जागरूक किया। रैली में युवाओं ने जोशीले अंदाज में नारे बाजी करते हुए लोगों का ध्यान अपनी और आकर्षित किया। रैली जैतारणिया दरवाजा से रवाना होकर शहर के मेन बाजार होते हुए महावीर सर्किल पहुंच कर विसर्जन किया गया। इस रैली का उद्देश्य स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देना और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करना था।

रेली में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश तंवर, ईश्वर सिंह, महेंद्र टॉक, ओमप्रकाश गुरु, राजेंद्र चौधरी, नरपत सिंह राव, समाजसेवी महेश सोनी, सोहनलाल मेवाड़ा, नरपत राज सोलंकी, विकास गहलोत, धीरज नागौरा, राकेश खींची, श्याम सिंह चौहान आदि कई संगठनों के कार्यकर्ता, व्यापारी, किसान और गणमान्य नागरिक ने अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई।

# बाल तपस्विनी अणसीबाईसा का जन्म शताब्दी महोत्सव मनाया

**हुक्मनामा समाचार**

**सुमेरपुर।** भक्त शिरोमणि, बाल तपस्विनी अणसीबाई नाडोल का समाधिस्थल पर भक्तजनों द्वारा जन्म शताब्दी महोत्सव मनाया गया। शताब्दी महोत्सव को लेकर पाली, जालोर सिरोही सहित विभिन्न राज्यों के बाईसा के भक्तजनों ने समाधिस्थल पर पहुंच कर खुशहाली की कामनाएं की। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि शताब्दी महोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं ने एक शाम विशाल भजन संध्या श्री अणसीबाईसा के नाम आयोजित भजन संध्या में भजनों का आनंद लिया। भजन कलाकार श्री अमृत जी परिहार जाणा और अचलाराम जी दहिया पुराडा ने अणसीबाईसा के जन्मकथा का भजनों के माध्यम से देशी राग में गायन किया। भजनों में राखडी पूनम रो जन्म बाईसा आपरों..., बैठा कदम री डाल...डाली बाई ओ... इत्यादि भजनों पर श्रोता देर रात झुमते रहे।

इस दौरान भोजन प्रसादी का भी आयोजन रखा गया! इस दौरान आमंत्रित अतिथि के रूप में श्री मेघाराम परमार ग्राम पंचायत ढोला प्रशासक, श्री सुरेन्द्र परमार कोसेलाव, श्री ललित बामनिया भी रहे। भजन संध्या मंदिर के पूजारी श्री हरजी महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुई! भजन संध्या में आगुंतक मेहमान एवं सेवा लाभार्थियों को आयोजन समिति सदस्यों द्वारा माला साफा एवं मोमेंटो सहित भक्त शिरोमणि श्री अणसीबाईसा की तस्वीर भी भेंट की। कार्यक्रम के सफल एवं सुखद आयोजन के लिए सभी समाजबंधुओं ने आभार जताया।

# विद्यालय में बाल संसद चुनाव संपन्न, 92.82 प्रतिशत मतदान



**हुक्मनामा समाचार**

**सायला।** उपखंड क्षेत्र के उम्मेदाबाद रामनगर धोरा के मॉडर्न माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को बाल संसद चुनाव शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस चुनाव में विद्यार्थियों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समझते हुए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 195 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 181 विद्यार्थियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार कुल मतदान प्रतिशत 92.82% रहा, जो विद्यार्थियों की जागरूकता और लोकतंत्र के प्रति उनके रुझान को दर्शाता है। चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी रही। विद्यार्थियों ने स्वयं मतदान किया और कतारबद्ध तरीके से अपने मत डाले। चुनाव प्रक्रिया में छात्र-छात्राओं को निर्वाचन अधिकारी, मतगणना प्रभारी, मतपेटी सहायक आदि रूपों में शामिल किया गया, जिससे उनमें जिम्मेदारी और नेतृत्व की भावना विकसित हुई। बाल संसद में अध्यक्ष के पद पर धापू कुमारी, उपाध्यक्ष के पद पर छुगाराम देवासी ने जीत हासिल की। बाल संसद के कुल 11 पद थे, जिसमे जल मंत्री ओर स्वास्थ्य व व्यवस्था के पद पर निर्विरोध चुने गए उसके बाद कुल 9 पदों पर वोटिंग हुई। वोटिंग के बाद मतगणना करवाकर सभी विजेताओं का विद्यालय के स्टाफ की ओर से माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। विद्यालय प्रधानाध्यापक अर्जुन धांधल ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और सहयोगी स्टाफ को सफल चुनाव संचालन के लिए बधाई दी एवं कहा कि बाल संसद जैसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करती हैं। चुनाव के परिणाम की घोषणा कल मतगणना के बाद की जायेगी।

# बिजली समस्याओं को लेकर आमजन में भारी आक्रोश

**हुक्मनामा समाचार**

**सोजत।** शहर में बिजली समस्या से लोग परेशान हैं। गर्मी और उमस के चलते बिजली की समस्या से लोगों को बहुत मुश्किल हो रही है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां बिजली की समस्या और भी गंभीर है। घर की लाइट चले जाने के बाद ऑनलाइन शिकायत करके भी लोगों को निजात नहीं मिलती उन्हें दर-दर भटकना पड़ता है। लोग बिजली विभाग में शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल रहा है। कर्मचारी और अधिकारी कोई माकूल जवाब नहीं देते। आन लाइन शिकायत व्यवस्था भी फ़ैल हो रही है। जिसके चलते आमजन में भारी आक्रोश है।

# कज्जली तीज कल, सुहागिनें करेंगी अमर सौभाग्य का व्रत

**सायला (हुक्मनामा समाचार)।** सुहाग का व्रत बड़ी तीज यानि कज्जली तीज का व्रत 12 अगस्त, मंगलवार को मनाया जाएगा। श्री दर्शन पंचांग कर्ता शास्त्री नरेश त्रिवेदी ने बताया कि आगामी भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला महिलाओं का सुहाग का व्रत मंगलवार 12 अगस्त को मनाया जाएगा।

माधवीय आपस्तम्ब ग्रंथ में बताया है कि चतुर्थी के संयोग से जो तृतीया का व्रत करते हैं वह तृतीया फल देने वाली है जो स्त्रियों के वैधव्य को नष्ट करती है अर्थात् सौभाग्यदायिनी होती है एवं पुत्र पौत्रों की वृद्धि करती है। निर्णय सिंधु में लिखा है कि मधुश्रावणिका, कज्जली एवं हरितालिका का व्रत स्त्रियों द्वारा चतुर्थी युक्ता ही करना चाहिए। शास्त्री ने बताया ताया कि एक दिन पूर्व द्वितीया तिथि को महिलाएं अर्धरात्रि में सिंजारा करती है जिसे दांतन मीठा भी कहते हैं फिर तीज के दिन महिलाएं पूरे दिन निराहार रहती है और रात्रि में चंद्र दर्शन के उपरांत पूजा करके कथा सुनती है फिर सत्तु का भोग लगाकर पति के कर कमलों से से प्रसाद ग्रहण करती हैं। कहीं-कहीं महिलाएं रात्रि में छोटा तालाब बनाकर उसमें दूध और जल डालकर पूजा करती है और नीमडी की पूजा करती है और बड़ी तीज माता से अमर सुहाग का वरदान मांगती हैं।

# मॉडर्न स्कूल में मनाया रक्षा बंधन पर्व, छात्राओं ने तिलक कर छात्रों को बांधी राखी



**हुक्मनामा समाचार**

**सायला।** उपखंड क्षेत्र के उम्मेदाबाद मे सरकारी व निजी विघालय, रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व को लेकर मॉडर्न पब्लिक माध्यमिक विद्यालय रामनगर धोरा, उम्मेदाबाद शुक्रवार को विद्यार्थियों ने भाईचारे और सांस्कृतिक परंपरा को जीवित करते हुए रक्षाबंधन उत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने विद्यालीयन छात्रों को विधिवत तिलक लगाकर राखी बांधी रक्षा सूत्र के महत्व को समझा।

रक्षाबंधन की इस आत्मीयता से भरी पहल से विद्यालय परिसर में एक भावनात्मक और सांस्कृतिक वातावरण निर्मित हो गया। कार्यक्रम की संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य अर्जुन धांधल ने रक्षाबंधन के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित किया गया। और उन्होंने कहा कि यह पर्व न केवल भाई बहन रिश्ते मजबूत करता, बल्कि समरसता और एकता का भी संदेश भी देता है। इस आयोजन में विद्यालय स्टॉफ सदस्य कुबाराम मेघवाल,छागनाराम चुनाराम मेघवाल परमार,विरकाराम देवासी, गुमनासिह राजपुरोहित। गरिमामय उपस्थिति रही। सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया और इस पहल की सराहना की विद्यालय स्तर पर आयोजित इस पर्व ने छात्रों में पारंपरिक मूल्यों के प्रति जागरूक बढ़ाई और उसके मन एकता का प्रेम व सहयोग की भावना को प्रबल किया। इस मौके पर अध्यापक सुरेश कुमार आकखड, प्रेम कुमार, भलाराम, विरेन्द्र, शशांक, डिम्पल सुथार, रेखा राजपुरोहित, रमेश परमार, नीतू धांधल, छात्र छात्राओं मौजूद थे।

# आधा दर्जन लोग हज उमरा के लिए रवाना

## हज रवाना से पूर्व दावत में हज यात्रियों का किया अभिनंदन



**हुक्मनामा समाचार**

**पीपाड़ शहर।** उपखंड क्षेत्र स्थित गुलशन कॉलोनी बोरुंदा से आधा दर्जन यात्री हज उमरा के लिए रविवार को प्रात: समय रवाना हुए। इससे पूर्व शनिवार को दावत कार्यक्रम में हज जाने वाले यात्रियों का ग्रामीणों व परिजनों ने माला व साफा पहना कर अभिनंदन किया। कस्बे से सिधी पटेल नगर जाने वाली मुख्य सड़क पर स्थित गुलशन कॉलोनी में अंसार अहमद, एहसान अहमद कुरैशी, मोहम्मद आजम, इसरा, बसरा बानो व शायदा बानो का हज उमरा मक्का मदीना की यात्रा को लेकर शनिवार को दावत कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें इन सभी को माला साफा पहनाकर व शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। हज उमरा की यात्रा के लिए रविवार सवेरे 5 बजे बोरुंदा से जोधपुर होते हुए अहमदाबाद से 20 दिवसीय मक्का मदीना की यात्रा करेंगे। जिसमें देश में अमन चैन की दुआ के साथ भाईचारा की दुआ भी की जाएगी। इस दौरान हाजी खुर्शीद अहमद, महबूब, निसार अहमद, हुसैन, अब्दुल सलाम, मुजीबुर रहमान, अब्दुल कलाम, आसिफ कुरैशी, फय्याम खान, आमिर भाणु, गोविंद गहलोत, रामनिवास भाटी, चेनाराम माली, गोविंद भाटी, भगवान राम गहलोत सहित परिजनों व ग्रामीणों ने हज जाने वाले यात्रियों का अभिनंदन किया।

# राणावत पाली जिला महासचिव पद पर मनोनीत नागरिकों ने किया स्वागत



**हुक्मनामा समाचार**

**सुमेरपुर।** मारवाड़-गोडवाड़ जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी जयदेव सिंह राणावत साण्डेराव को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी का पाली जिला महासचिव बनाया गया। राणावत को मनोनीत किए जाने पर रविवार को बधाई देने के लिए दूर-दूर से पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित समाज सेवी संस्थाओं से जुड़े प्रबुद्धजन उनके निवास एवं फार्म हाउस में पहुंचकर उनका स्वागत कर बधाई दी।

राणावत को जिले में महासचिव पद पर मनोनीत किए जाने पर पुर्व प्रधान एवं विधायक प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा पालड़ी जोड़, विश्वनाथ सिंह बागड़ी, रामपाल सिंह राणावत, यशवंत सिंह, नटवर सैन, राजु भाई पुनमिया, पिंटू भाई कामदार, जगदीश राव, किशोर नाहर, विक्रम मेवाड़ा, महावीर मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में समाज सेवी संस्थाओं से जुड़े प्रबुद्धजनों ने राजस्थानी परंपरा अनुसार चुनरी साफा पहनाकर फुल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

# धोरा ढाणी रामनगर से रामदेवरा पैदल यात्रा हुए रवाना



**हुक्मनामा समाचार**

**सायला।** उपखंड क्षेत्र के उम्मेदाबाद से रामदेवरा के लिए पैदल सॉन्ग हुए रवाना धोरा ढाणी रामनगर के सांवलाजी मंदिर से दूसरी बार रामदेवरा पैदल यात्रा ढोल-गुलाल के साथ रवाना हुई। मंडल के सभी सदस्यों ने पूजा-अर्चना कर बाबा रामदेव के जयकारों के साथ यात्रा प्रारंभ की।

श्रद्धालु भक्ति उत्साह के साथ पैदल रामदेवरा के लिए प्रस्थान हुए। इस मौके पर, देवाराम चौधरी, जितेन्द्र घांची, गेबाराम चौधरी, अशोक कुमार सगनाराम जौराराम महेंद्र घांची, रमेश चौधरी, ईश्वर घांची सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# लगातार चुनावी हार से संतुलन खो बैठे हैं राहुल गांधी : शेखावत

## चुनाव आयोग पर टिप्पणी को लेकर केन्द्रीय मंत्री ने नेता प्रतिपक्ष पर साधा निशाना

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर फिर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कई वर्ष सत्ता से बाहर रहने और लगातार चुनाव हारने का रिकॉर्ड बनाने के कारण राहुल गांधी अपना संतुलन खो बैठे हैं। तभी चुनाव आयोग पर इस तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं।

रविवार सुबह केंद्रीय मंत्री शेखावत ने अपने आवास पर जनसुनवाई के बाद मीडिया से बातचीत की। कांग्रेस प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाने और राहुल गांधी को सही



बताने से जुड़े सवाल पर शेखावत ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने एक प्रेस स्टेटमेंट दिया। चुनाव आयोग ने उस प्रेस स्टेटमेंट पर उनसे ऑथेंटिकेटेड डिटेल (सत्यापित जानकारी) मांगी कि आप सूचना दीजिए। शेखावत ने कहा कि चूंकि गांधी परिवार अपने आपको देश की व्यवस्था और संविधान से ऊपर मानता है, इसलिए राहुल गांधी से जानकारी कैसे मांगी जा सकती है? इसको लेकर उनके सिपहसालार सब जगह जाकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि इससे ज्यादा हास्यास्पद कुछ नहीं हो सकता। शेखावत ने कहा कि राहुल गांधी एक तरफ खुद कह रहे हैं कि एक लाख से ज्यादा डुप्लीकेट वोट्स उन्होंने अपने सॉफ्टवेयर के माध्यम से आंकलन निकाले हैं। इसलिए वोटर लिस्टों की जांच होनी चाहिए। शेखावत ने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव के समय में भी राहुल गांधी ने ये कहा था। अब जब पूरे देश में वोटर लिस्टों की गहन जांच का कार्यक्रम शुरू हुआ है तो वो कहते हैं कि ये नहीं होना चाहिए।

राजस्थान में पेपरलीक में एसओजी द्वारा एक और गिरफ्तारी संबंधित सवाल पर शेखावत ने कहा कि अपराधी के सूत्र कहां तक थे, इसकी जांच होगी, उसके बाद सब कुछ सामने आ जाएगा। जो कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का अपराधी है और उसके साथ में जिस किसी ने भी ऐसी संस्थाएं, जिन पर पूरा प्रदेश भरोसा करता था, उस भरोसे को तोड़ने का काम किया है। उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

# महिला ने पटवारी पर लगाया गोली चलाने का आरोप

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बालेसर थानांतर्गत जिनजिनयाला कला गांव में एक महिला ने उसके पति पर पटवारी की ओर से गोली चलाकर जान से मारने की नियत और धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

पुलिस ने बताया कि मुन्नी कंवर पत्नी ओमप्रकाश सिंह ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि गत 28 जुलाई की रात्रि करीब 11 बजे पटवारी डूंगर सिंह उनके मोबाइल पर फोन करके उनके पति के बारे में पूछा तथा बात करने पर कहा कि बाहर आओ काम है। जब उसके पति घर के पीछे बनी सड़क पर गए तो पटवारी डूंगर सिंह अपनी कार के पास हाथ में पिस्तौल लिए खड़ा था। डूंगर सिंह ने दो बार फायर किए जिसमें उसके पति बाल-बाल बच गए। गोली की आवाज पर लोगों के आने पर पटवारी डूंगर सिंह मौके से भाग गया। जाते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# दो फर्जी सीबीआई अधिकारी गिरफ्तार

## धमकाकर रुपए ट्रांसफर करवाए थे

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उदयमंदिर थाना पुलिस ने एक युवक को डराने-धमकाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर पीड़ित को डराया। फिर खाते से रुपए ट्रांसफर करवा लिए। मामला दर्ज होने पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।

पुलिस के अनुसार रायबहादुर मार्केट स्थित थानवी बिल्डिंग में रहने वाले अमित कुमार पुरोहित ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया कि उसके मोबाइल पर फोन आया था। सामने वाले व्यक्ति ने बताया कि उसके नंबर से एक सिम कार्ड जारी हुआ है। यह सिम कार्ड दिल्ली पुलिस को दिया जा रहा है। फोन करने वाले ने अमित के व्हॉट्सएप नंबर पर सीबीआई का एक लेटर भेज कर धमकाया। साथ ही अलग-अलग बैंक खातों में करीब 1.96 लाख रुपए भी डलवाए। साथ ही कहा कि वेरिफिकेशन के दो घंटे में आपकी रकम वापस आ जाएगी। वेरिफिकेशन के बाद भी उसके खाते में रुपए नहीं आए तो संदेह हुआ। इसको लेकर उदयमंदिर थाने में रिपोर्ट दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में आरोपी रामद्वावास कला गुरुओं का बास पुलिस थाना कापरड़ा निवासी मुकेश गर्ग पुत्र नरसिंह गर्ग और राजपूतों का बास साथीन हाल जगमालजी पेट्रोल पंप बोराणा डेयरी के पास पुलिस थाना बनाड़ निवासी सोहन सिंह पुत्र सत्यनारायण सिंह को गिरफ्तार किया।

# चोरी की आरोपी महिलाएं प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** देवनगर थाना क्षेत्र में एक दुकान में चोरी करने की आरोपी तीन महिलाओं ने सदर कोतवाली थाना क्षेत्र में भी एक ज्वेलरी शॉप में इसी तरह की वारदात को अंजाम दिया था। इस चोरी का खुलासा होने पर अब तीनों महिलाओं को सदर कोतवाली पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है।

सदर कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि ज्वेलरी की दुकान में ग्राहक बनकर जाने और ज्वेलरी देखने के बहाने चोरी करने के मामले का खुलासा किया गया है। महिलाओं ने उसी दिन बाबा रामदेव मंदिर मसूरिया के सामने मीनाक्षी ज्वेलरी पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जिसे देवनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पूछताछ में महिलाओं ने सदर कोतवाली थाना क्षेत्र में भी चोरी की वारदात करना स्वीकार किया। इस पर कोतवाली पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर उन्हें गिरफ्तार करके लेकर आई। पुलिस ने इस मामले में गांव दरबी पुलिस थाना सुल्तानपुर कोटा हाल बड़ा बस्ती अनंतपुर जिला कोटा निवासी कृष्णा पत्नी प्रहलाद, सीमा पत्नी रमेश बागरी, मौसम बाई पत्नी सुमन कुमार बागरी को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया।

# बदले मार्ग से चलेगी रानीखेत, शालीमार व मरुधर एक्सप्रेस

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उत्तर पश्चिम रेलवे पर जयपुर मंडल के खातीपुरा स्टेशन यार्ड में तकनीकी कार्य के कारण जोधपुर मंडल पर चलने वाली तीन ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। इस कार्य के कारण ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेगी। जोधपुर डीआरएम अनुराग त्रिपाठी के अनुसार ट्रेन नंबर 15014 काठगोदाम-जैसलमेर रानीखेत एक्सप्रेस जो 13 सितंबर को काठगोदाम से रवाना होगी वह अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी और रास्ते में नारनौल, नीमकाथाना व रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी। वहीं ट्रेन नंबर 14661 बाड़मेर-जम्मूतवी शालीमार एक्सप्रेस जो 14 सितंबर को बाड़मेर से रवाना होगी वह अपने निर्धारित मार्ग फुलेरा-जयपुर-अलवर-जयपुर-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी और रास्ते में रींगस, श्रीमाधोपुर, नीमकाथाना, नारनौल व अटेली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 14853 वाराणसी सिटी-जोधपुर मरुधर एक्सप्रेस जो 13 सितंबर को वाराणसी सिटी से रवाना होगी वह अपने निर्धारित मार्ग भरतपुर-बांदीकुई-जयपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग भरतपुर-सवाई माधोपुर-जयपुर होकर संचालित होगी व रास्ते के बयाना, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर व दुर्गापुरा स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

# स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर पुलिस ने निकाला रूट मार्च

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** जोधपुर में इस बार स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह भव्य रूप से आयोजित होने जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस का यह आयोजन बरकतुल्ला खां स्टेडियम में होगा, जिसकी लिए तैयारियां जोरों पर हैं। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने विशेष योजना तैयार की है। इसी कड़ी में आज एसीपी छवि शर्मा के निर्देशन में रूट मार्च किया गया।



पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश पासवान और डीसीपी पश्चिम विनीत बंसल के आदेशानुसार निकाले गए इस रूट मार्च में महिला पुलिस टीम की कांस्टेबल टीम कालिका सहित अन्य जवान शामिल हुए। रूट मार्च संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से होकर गुजरा। इसमें संदिग्ध स्थानों की विशेष निगरानी की गई। इसका उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का भरोसा जगाना और अपराधियों में भय पैदा करना था। महिला पुलिस दल की मौजूदगी से विशेष रूप से महिला सुरक्षा का संदेश भी दिया गया। मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

**सीसीटीवी कैमरों से निगरानी :** पंद्रह अगस्त के दिन बरकतुल्ला खां स्टेडियम में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में स्कूल की बालिकाओं द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

विभिन्न कलाकार भी स्वतंत्रता दिवस पर विशेष कार्यक्रम पेश करेंगे। प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल के भीतर और बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की योजना बनाई है। भीड़ प्रबंधन के लिए बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

# श्रीमाली ब्राह्मण समाज का चिकित्सा जांच शिविर आज

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज जोधपुर एवं व्यास हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा शिविर 11 अगस्त को सुबह दस से दोपहर दो बजे तक चांदपोल के बाहर श्रीमाली ब्राह्मण समाज के भवन शिवबाड़ी में आयोजित किया जाएगा। समाज के अध्यक्ष महेन्द्र बोहरा और मंत्री नरेंद्र राज बोहरा ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। जिसमें डॉ. विनीत कुमार जैन, डॉ. एमके छाबड़ा, डॉ. शुभम गर्ग, डॉ. नवीन मेवाड़ा, डॉ. स्वाति भाटी, डॉ. योगेन्द्र सिंह राठौड़ एवं डॉ. कंचन सोलंकी अपनी निशुल्क सेवाएं प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में चिकित्सा परामर्श, ब्लड प्रेशर, शुगर और वजन की निशुल्क जांचें कर आवश्यक दवाएं दी जाएगी।

# तिरंगा यात्रा में गूंजे भारत माता के जयकारे

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** मारवाड़ सोशल मीडिया सहयोग संस्थान एवं भूतनाथ महादेव मित्र मंडली के संयुक्त तत्वावधान में आज प्राचीन भूतनाथ महादेव मंदिर, भूतेश्वर वन क्षेत्र से श्री जब्बरनाथ मंदिर तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने हाथों में तिरंगे लेकर वंदे मातरम व भारत माता की जय के नारों से माहौल देशभक्ति से सराबोर कर दिया।



यात्रा का नेतृत्व विशिष्ट योग्यजन ओम कुमार बोहरा ने किया। सुबह मंदिर परिसर को तिरंगामय सजाया गया, युवाओं ने तिरंगा परिधान धारण किया। शिवालय में मंत्रोच्चार और देशभक्ति गीतों के बीच वरिष्ठ नागरिकों एवं पूर्व सीआरपीएफ कमांडेंट जुगल किशोर जोशी ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात राष्ट्रगान गूंजा। कार्यक्रम में राजस्थान उच्च न्यायालय के असिस्टेंट रजिस्ट्रार जगदीश सिंह राजपुरोहित, गोविंद व्यास, प्रो. नारायणदास पुरोहित, रामजी व्यास, जुगल बोहरा, प्रदीप थानवी, जुगल किशोर जोशी, चंचल व्यास, आनंद सी पुरोहित, ब्रह्म दत्त ब बोड़ा, रूप किशोर बोहरा, भागीरथ वैष्णव, राजकुमार वर्मा, मनीष सोलंकी, आनंद जोशी, देवेन्द्र मेहता, रमेश सिसोदिया, आनन्द पुरोहित, आनंद जोशी, अनिल बोहरा, ध्रुव पुरोहित, नरेंद्र व्यास युवराज सिसोदिया, सुनील बोहरा, सुनील मेहता, शैलेष जोशी, सीमा जोशी, मधु जोशी, चन्द्रकला मेहता, लक्ष्मी राजपुरोहित, रीतु डागा, गीतांजली व्यास सहित अनेक लोग शामिल हुए। रैली के दौरान देशभक्ति गीतों पर नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुई। संस्थान के प्रवक्ता सुनील पुरोहित ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह 15 अगस्त को सुबह 10.30 बजे प्रेम विहार कॉलोनी चौपासनी में मारवाड़ सोशल मीडिया, सेवार्थ समिति, भूतनाथ महादेव मित्र मंडली, जियो इंटरनेशनल क्लब सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा।

# बाबा रामदेवजी की अमर कथा 18 से, बैनर का विमोचन

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** लोक देवता बाबा रामदेव की तीन दिवसीय अमर कथा का आयोजन 18 से 20 अगस्त तक रातानाडा सुभाष चौक स्थित घांची समाज बाबा रामदेव मंदिर में किया जाएगा। यह आयोजन श्री घांची समाज विकास समिति रातानाडा के तत्वावधान में सर्व समाज के सहयोग से किया जाएगा।

समिति के कोषाध्यक्ष अशोक पंवार ने बताया कि कथावाचक रेखा भाटी की ओर से रोजाना दोपहर एक से शाम पांच बजे तक कथा सुनाई जाएगी। इसका समापन बीस अगस्त को पूर्ण आरती के साथ होगा। स्थानीय पार्षद अशोक भाटी ने बताया कि 18 अगस्त को सुबह दस बजे से रातानाडा शिव मंदिर से बाबा रामदेव मंदिर तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा के साथ बाबा रामदेवजी के जीवन व चमत्कारों की प्रस्तुति लाइव झांकियों से दी जाएगी। उपाध्यक्ष सूरज बोराणा ने बताया कि आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक में कथा के पोस्टर का विमोचन किया गया। बैठक में प्रकाश बोराणा, रमेश पंवार, रमेश सोलंकी, शंकरलाल भाटी, पंकज बोराणा, वीरू पंवार, आचुकी देवी, लीला बोराणा, रीना भाटी, शांति देवी, सीमा बोराणा व बबली भाटी सहित अन्य भक्त उपस्थित रहे।

# कथाकार संपादक डॉ उषारानी माहेश्वरी को श्रद्धांजलि अर्पित

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जोधपुर से प्रकाशित 'मंगल कामना' कहानी पत्रिका की सम्पादक, कथाकार, नाटककार एवं कवयित्री डॉ. उषारानी माहेश्वरी का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया।



उन्होंने 'मंगल कामना' पत्रिका के माध्यम से देश भर के लेखकों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

केन्द्रीय विद्यालय से प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत्ति के पश्चात वे जोधपुर में ही स्थाई रूप से रहने लगी थीं। पिछले वर्ष आपकी 'साँसों के सितार पर' और 'सीपियाँ मन के समंदर की' शीर्षक दो काव्य कृतियां प्रकाशित हुईं। कथा संस्थान के संस्थापक और साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली से पुरस्कृत साहित्यकार मीठेश निर्मोही ने कीर्तिशेष डॉ. उषारानी माहेश्वरी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके निधन को साहित्य जगत के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है।

# सुसमा अभियान का शुभारंभ आज

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 15 सितंबर तक सम्पूर्ण राजस्थान में विभिन्न विभागों द्वारा निर्मित शहरी सडकों के लिए सुरक्षित सडक मार्ग (सुसमा) अभियान चलाया जा रहा है।

सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता (गुणवत्ता नियंत्रण) जोधपुर जोन देवाराम बिश्नोई ने बताया कि इस अभियान में राजस्थान के 19 जिला मुख्यालयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जोधपुर में सोमवार को अभियान के प्रथम चरण में सात किमी चिह्नित सडक मार्ग का सुरक्षा मापदंडों पर निरीक्षण किया जाएगा। जिसमें महाविद्यालयीन शिक्षा के एनएसएस एनसीसी एवं रोवर्स-रेंजर्स, छात्र-छात्राओं की सहभागिता रहेगी। द्वितीय चरण में कमला नेहरू महिला महाविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में सुबह नौ बजे से सुरक्षा व्याख्यान आयोजित होगा।

उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य सडक सुरक्षा, शिक्षा एवं जन जागरूकता है। अभियान की पूर्व गतिविधियों के अंतर्गत जोधपुर में सार्वजनिक निर्माण विभाग की महिला अभियंताओं (सुसमा दीदी) द्वारा लगभग पचास विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं महिला संगठनों को सडक सुरक्षा संबंधित प्रशिक्षण दिया जा चुका है। साथ ही हेलमेट प्रोत्साहन के लिए बालिकाओं को रियायती दर पर आईएसआई मार्क वाले हेलमेट उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। जिसका उद्देश्य रक्षाबंधन पर भाई एवं पिता को दुपहिया वाहन का उपयोग करते समय हेलमेट पहनने का संकल्प दिलवाना है।

# नुकसान पहुंचा सकता है धातुयुक्त मांझा, आरपीएफ कर रही जागरूक

## रेलवे की आम लोगों से पतंगबाजी के दौरान पटरियों से दूर रहने की अपील

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** रेलवे ने चेतावनी दी है कि स्वतंत्रता दिवस और अन्य त्योहारों पर रेल पटरी के पास पतंग उड़ाना अथवा कटी पतंग के पीछे दौड़ना खतरनाक व गैरकानूनी है। इससे न सिर्फ जान का खतरा बना रहता है बल्कि सुरक्षित रेल संचालन में भी बाधा आ सकती है।

डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि आमजन पतंगबाजी करते हुए रेल पटरियों पर पहुंच जाते हैं तथा शोरगुल अथवा अपने पतंग उड़ाने के शौक में तल्लीन होने से ट्रेन के आगमन का उन्हें आभास तक नहीं होता और वह अनचाही दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। अनेक इलाकों में युवा कटी पतंग लूटने के लालच में भी रेल पटरियों पर आ जाते हैं, वह स्थिति भी बेहद खतरनाक हो सकती है।



डीआरएम ने बताया कि रेल पटरियों के आसपास रहने वाले लोगों को इसके प्रति रेलवे द्वारा हमेशा जागरूक किया जाता है जिसके तहत समझाइश की जाती है कि वह अपने बच्चों को पतंगबाजी का शौक पूरा करने के लिए रेल पटरियों अथवा इसके इर्द गिर्द जाने से रोकें। इस हेतु जनता को जागरूक करते हुए जोधपुर रेलवे सुरक्षा बल ने अभियान चलाकर लोगों से समझाइश की कि वह बच्चों को पतंगबाजी के लिए रेल पटरियों के पास न जाने दें वरना कोई भी अनहोनी हो सकती है। जिसके तहत आरपीएफ और रेलवे के विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा भदवासिया पुलिया व आसपास के क्षेत्रों के लोगों को इस हेतु जागरूक किया गया।

रेलवे ने जानकारी दी है कि जोधपुर मंडल पर सभी रेल मार्गों का विद्युतीकरण किया जा चुका है तथा रेलवे ट्रैक के ऊपर लगे तारों में 25 हजार वोल्ट का करंट दौड़ता है और आम तौर पर आजकल पतंगबाजी के लिए धातु युक्त मांझा इस्तेमाल में लाया जा रहा है ऐसे में वह इन तारों से छू जाए तो तेज करंट का झटका खतरनाक साबित हो सकता है। रेलवे ट्रैक के ऊपर या उसके आसपास पतंगबाजी करना कानूनन अपराध भी है। रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 147 के तहत ऐसा करने पर एक हजार रुपए जुर्माना या 6 माह की जेल का भी प्रावधान है। इसलिए इन सभी चीजों को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा रेलवे पटरियों पर लोगों से पतंगबाजी नहीं करने का आग्रह किया गया है।


स्वामी एवं प्रकाशक प्रदीप लोढ़ा के लिए 902, तीसरी ई-रोड, सरदारपुरा, जोधपुर से प्रकाशित तथा मुद्रक मनीष कुमार, माणक ऑफसेट प्रिन्टर्स, एमजीएच रोड, जोधपुर द्वारा मुद्रित। सम्पादक प्रदीप लोढ़ा, फोन : 2540244, 2622321, फैक्स : 2541066, **सिटी कार्यालय :** मालियों की गली, उदयमंदिर थाने के पास, जोधपुर। -**जयपुर कार्यालय :** जी-1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। फोन नं.-01412220403-05, समाचार सम्पादक (मानद): सैयद मुनव्वर अली, मो. 9929454286

## सम्पादकीय...

# चिंताजनक हालात



प्रदेश में बढ़ते अपराध चिंता जनक है जिस तेजी से अपराधों का ग्राफ़ बढ़ रहा है उसे देखकर लग रहा है कि राजस्थान जल्दी ही अपराधों की सूची में बिहार उत्तर प्रदेश की श्रेणी में आ जाएगा। प्रदेश में बलात्कार की लगातार बढ़ रहे मामले इस बात का संकेत दे रहे हैं कि प्रदेश में पुलिसिंग बेहतर नहीं रही है वहीं अपराधियों में पुलिस का खौफ भी कम हो गया है। भारतीय जनता पार्टी की मौजूदा सरकार जिन नारों के ऊपर सत्ता में आई थी उनमें से एक नारा अपराधों के खिलाफ भी था लेकिन इसके उलट भाजपा राज में अपराधों में बहताशा वृद्धि हो रही है।

इस वर्ष की पहली छ माही में बालिक और नाबालिक बच्चियों के साथ सामूहिक बलात्कार की घटनाएं घटी है इनमें से 6 बच्चियों की तो हत्या की गई, बलात्कार के अन्य 649 मामले भी इस अवधि के दौरान दर्ज किए गए हैं, बच्चियों से छेड़छाड़ के 768 मामले दर्ज हुए हैं। प्रदेश में जिस तरह से सामूहिक बलात्कार और बलात्कार के मामले बढे हैं उनको देखते हुए माना जा रहा है कि कांग्रेस विपक्ष की भूमिका निभाने में असफल साबित हुई है। कांग्रेस शासन में ऐसी होने वाली घटनाओं पर भाजपा आंदोलन कर देती थी परंतु कांग्रेस को इसके लिए फुर्सत नहीं है आंदोलन होने से अपराधियों पर दबाव बनता है पुलिस पर दबाव बनता है आम जनता को राहत मिलती है लेकिन जब चर्चा ही नहीं होती है तो अपराधियों के हौसले बढ़ जाते हैं। गृह विभाग मुख्यमंत्री के पास है, फिर भी अपराधियों के बढ़ते हौसले और बढ़ते अपराध दोनों ही चिंता जनक हैं।

इस अवधि में दहेज हत्या के 187 मामले दर्ज हुए आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के 36 मामले महिला उत्पीड़न दहेज वाले 6192 मामले छेड़छाड़ के 547 मामले अप्रैल के 28 से 31 मामले तथा अन्य महिला अपराध के 1969 मामले दर्ज किए गए हैं। छोटी बच्चियों के साथ हो रहे सामूहिक बलात्कार और बलात्कार के मामले समाज में चिंता बढाने वाले हैं, अपराधों पर अंकुश लगने के लिए अपराधियों पर शिकंजा कस ने की जरूरत है वही शराब की दुकान सही वक्त पर खुलने और बंद होने की भी जरूरत है क्योंकि शराब पीने के बाद अपराध की संख्या बढ़ती है।

**वैभव लोढ़ा...**

## इतिहास में आज

1908: क्रांतिकारी खुदीराम बोस को फांसी दी गई।
1961: दादर नगर हवेली का भारत में विलय और इसे केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया।
1984: तत्कालीन सोवियत रूस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
2007: मोहम्मद हामिद अंसारी में भारत के 13वें उपराष्ट्रपति बने

-धर्म चंद मेहता

## क्रॉस फायर

- ❑ एयर फोर्स चीफ ने कहा ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के पांच जेट गिराए गए।
- ◆ गिरते तो भारत में पाकिस्तान में कहां गिर गए।
- ❑ कांग्रेस नेता जयराम रमेश बोले ऑपरेशन सिंदूर अचानक क्यों रोका गया।
- ◆ यह तो ट्रंप से पूछो।
- ❑ कांग्रेस नेता सिंघवी बोले राहुल के आरोपों पर हलफ नामा की मांग करना हास्यास्पद।
- ◆ इतनी बात सार्वजनिक करने के बाद हलफनाने की क्या जरूरत।
- ❑ शरद पवार बोले चुनाव से पहले दो लोगों ने 160 सीटे जीताने का दावा किया था।
- ◆ अगली बार समय पर सौदा कर लेना।
- ❑ कपिल सिब्बल बोले जगदीप धनखड़ लापता है मुझे उनकी चिंता है।
- ◆ चिंता तो पूरे देश को लग गई है।
- ❑ कोलकाता रेप कांड के 1 साल होने पर भाजपा का प्रदर्शन।
- ◆ खुद के राज में रोज बलात्कार हो रहे हैं पता नहीं वह कौन सा स्पेशल बलात्कार था।
- ❑ पेपर लीक में पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत का पी एस ओ गिरफ्तार।
- ◆ गहलोत की मदद करते हैं तो बिना पैसे मिलता और इंटरव्यू में पास भी हो जाता।

.............अंजू लोढ़ा

## आज का राशिफल

### सोमवार 11 अगस्त 2025

**मेष राशि:** आज का दिन महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए शुभ फलदायक रहेगा। घरेलू जीवन को लेकर मन के भीतर उथल-पुथल रह सकती है। उत्तरार्द्ध में तनाव और बढ़ सकता है।

**वृषभ राशि:** आज कार्यक्षेत्र में अधिकारी से या व्यवसाय क्षेत्र में व्यापारी से अनबन हो सकती है। खर्चे कम होने से आप मानसिक शांति का अनुभव करेंगे।

**मिथुन राशि:** धार्मिक कार्यों के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। साथ ही धन संचय के मामले में सफलता मिलेगी। मां के स्वास्थ्य का ख़्याल रखें।

**कर्क राशि:** जीवनसाथी एवं व्यापार में साझीदारों का सहयोग मिलेगा। सद्कार्यों में रुचि बनी रहेगी। आज के दिन खान-पान का खास ख़याल रखें ।

**सिंह राशि:** आज का दिन आपके लिए काफी सुखद साबित होगा। आज थोड़े से ही प्रयास से आपको अपार सफलता मिलेगी। साझेदारी में किया व्यापार फायदा पहुंचाएगा।

**कन्या राशि:** आज आपको व्यवसाय में अधिक लाभ प्राप्त होगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी और उत्साह से काम करने पर सफलता जरूर मिलेगी।

**तुला राशि:** आज आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन धैर्य बनाए रखें, अंततः सफलता आपको ही मिलेगी। व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होंगे।

**वृश्चिक राशि:** आज के दिन कोई भी काम करते समय मन को शांत रखें। इससे आपको लाभ मिलेगा। धन लाभ व बचत के अच्छे योग हैं।

**धनु राशि:** घरेलू मामले में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। माता के स्वास्थ्य में कमजोरी आ सकती है। परिवार में आपसी तालमेल एवं सौहार्द की कमी होगी।

**मकर राशि:** आज अधूरे कार्य पूरे करने का योग है। प्रयास करें आपको सफलता जरूर मिलेगी। गलत संगति और नशे की लत से दूर रहें।

**कुम्भ राशि:** आज आपके सामाजिक मान-सम्मान की वृद्धि होगी। कार्य व व्यापार में लाभ के अवसर रहेंगे। किसी अनुभवी व्यक्ति के साथ व्यावसायिक योग्यताओं को निखारने का अवसर प्राप्त होगा।

**मीन राशि:** व्यावसायिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे। संतान पक्ष के वैवाहिक प्रयासों को सफलता मिलेगी। माता के स्वास्थ्य के कारण कुछ चिंता रहेगी।



राजेन्द्र गुप्ता
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

नोट- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# जैव विविधता और इंसान की सांसों में ज़हर घोल रहे कबूतर



डॉ.हरीश शिवनानी

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में गत सप्ताह पुलिस में एक अनूठा मामला दर्ज किया गया है जो संभवतः देश का पहला ऐसा मामला होगा। मुंबई में एक व्यक्ति के विरुद्ध कबूतरों को दाना डालने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई और 142 लोगों पर 68,700 रुपए का जुर्माना लगाया गया। मामला बृहतमुम्बई म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन (बीएमसी) से लेकर उच्च न्यायालय तक पहुंच कर देश भर में चर्चित हो गया। बीएमसी ने कबूतरों को मानव-स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताते हुए शहर के कबूतरखानों को बंद करने और खुले चौक वाले स्थानों पर तिरपाल लगाने के आदेश दिए हैं।

इससे देश के पक्षी प्रेमियों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों में इस बात को लेकर रोष और विरोध शुरू हो गया है। इसके साथ ही जीवविज्ञानियों और चिकित्सकों में कबूतरों को लेकर बहस छिड़ गई है कि क्या कबूतर जैसा सौम्य, शांत जैसा दिखने वाला पक्षी भी मनुष्य के लिए घातक हो सकता है ? ज़वाब है हाँ, कबूतर न केवल मानव -स्वास्थ्य बल्कि पारिस्थितिकी और जैव विविधता के लिए भी घातक साबित हो रहा है। पिछले कुछ दशकों में कबूतरों की अनियंत्रित बढ़ती आबादी चिंता का विषय बन गई है। इससे न केवल अन्य छोटे पक्षियों की संख्या पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है बल्कि स्थानीय जैव विविधता में भी भारी अंतर आ रहा है। कबूतर कई प्रकार के वायरस का भी संवहन करते हैं जो अस्थमा व साँस की बीमारियों से प्रभावित लोगों के लिए काफी ख़तरनाक, ज़हरीले साबित हो रहे हैं। एक मादा कबूतर वर्ष भर में 48 बच्चों को जन्म दे सकती है और एक कबूतर एक वर्ष में औसतन 12 किलोग्राम बीट उत्सर्जित करता है जो अत्यधिक अम्लीय तथा ज़हरीली होती है। सूखने के बाद यह हवा में धूल के साथ मिलकर आसानी से प्रसारित होती है। भारत के हर गांव,कस्बे,शहर में अनेक जगहों पर रोजाना खूब दाना डाला जाता है। अब यह परंपरा घातक हो सकती है।

अमेरिका के जैव विज्ञानी और पक्षी विशेषज्ञ रॉबर्ट ए. पियर्स की शोध रिपोर्ट है कि कबूतरों के पंखों की फड़फड़ाहट व इनकी बीट में पाए जाने वाले सूक्ष्म जीवाणु और कीटाणु, कवक, खांसी, जुकाम, अस्थमा और फेफड़ों में संक्रमण सहित अनेक बीमारियों के कारण बन सकते हैं। शोध में कबूतर के बीट व पंखों में 20 से अधिक पैथोजेनिक बैक्टीरिया और फंगस पाए गए। कबूतरों की बीट लंबे समय तक जमा रहने दी जाए, तो हिस्टोप्लास्मोसिस रोग उत्पन्न कर सकती है, जो मानव श्वसन तंत्र को गम्भीर रूप से प्रभावित करता है। कबूतर प्रत्यक्ष रूप से स्वयं ही बीमारी नहीं फैलाते बल्कि वे अन्य पक्षियों में बीमारी के बैक्टीरिया संचारित कर उनके माध्यम से भी इंसानों में प्रसारित करते हैं। मसलन, एक बीमारी है- सिटाकोसिस। यह रोग कबूतरों से विभिन्न पक्षियों की कई अलग-अलग प्रजातियों को प्रभावित कर सकता है। संचरण करते करते संक्रमित पक्षी श्वसन स्रावों और मल के माध्यम से बैक्टीरिया छोड़ते हैं। जब ये स्राव और मल सूख जाते हैं, तो धूल बनकर हवा में फैल जाती है और साँस के ज़रिए मानव श्वसन तंत्र में प्रवेश कर जाती है। यह श्वसन रोग पक्षियों द्वारा छोड़े गए क्लैमाइडिया सिटासी बैक्टीरिया से होता है। इसे 'तोता बुखार' भी कहा जाता है। पिछले 7-8 वर्षों में ऐसी बीमारियों के मामले पांच गुना बढ़ चुके हैं। पक्षियों के अलावा कबूतरों के बाहरी परजीवियों में घुन, पिस्सू, किलनी और कीड़े शामिल हैं जो परोक्ष रूप में घातक बीमारियों के संचरण में सहायक बनते हैं। जीव-पक्षियों,खेतों के लिए भी ख़तरनाक मानव-स्वास्थ्य के अलावा कबूतर पारिस्थितिकी और जैव विविधता के लिए ख़तरनाक साबित हो रहे हैं। कबूतर बड़ी मात्रा में बीज और अन्य खाद्य संसाधनों का उपभोग करते हैं, जो अन्य पक्षियों और छोटे जीवों के लिए भोजन की कमी का कारण बनता है। वे घोंसले बनाने की जगह के लिए भी अन्य स्थानीय पक्षियों (जैसे गौरैया, मैना आदि) के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं और छोटे पक्षियों जैसे गोरैया, तोते व अन्य पक्षियों का भोजन भी चट कर जाते हैं; जिससे इन अन्य पक्षियों की संख्या में बेहद कमी आई है, छोटी चिड़िया ( गौरेया), जो कीटों का भक्षण करके कृषि में सहायक होती थी, आज विलुप्त प्राय: है तथा कबूतरों के बचे दाने से आकर्षित होकर चूहों की संख्या में वृद्धि भी कृषि के लिए हानिकारक साबित हो रही है। जलाशयों के निकट इनकी उपस्थिति, पंखों से गंदगी, बीट निष्कासन छोटी मछलियों व अन्य जलीय जीवों के लिए भी ज़हरीली साबित होती है। उनकी अम्लीय बीट मिट्टी की उर्वरता को प्रभावित लेती है। यह पौधों की वृद्धि को भी नुकसान पहुंचाती है। यह समस्या भारत की ही नहीं, पूरे विश्व की है। ऑस्ट्रिया के वियना में कबूतरों को दाना डालने पर 36 यूरो जुर्माना लगता है। स्पेन के कई शहरों में ओविस्टोप नामक ड्रग का प्रयोग इनके दाने में मिलाकर किया जाता है जो एक प्रकार का गर्भ निरोधक है। सैन फ्रांसिस्को के अलावा लन्दन के मशहूर ट्राफलगर स्क्वायर पर कबूतरों को दाना डालने पर प्रतिबन्ध है। इटली के वेनिस शहर में सेंट मार्क स्क्वायर पर दाना बेचने वालों पर कठोर जुर्माने का प्रावधान है।ऑस्ट्रेलिया, अमरीका, न्यूजीलैंड, कनाडा, जर्मनी जैसे देशों के महानगरों में इन्हें पालना प्रतिबंधित है। भारत में भी इस प्रकार के नियमों की सख्त आवश्यकता है ताकि समय रहते घातक बीमारियों तथा अन्य पक्षियों की संख्या में आ रही गिरावट को रोककर जैव विविधता का संतुलन बनाया जा सके।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

## 11 अगस्त खुदीराम बोस के शहादत दिवस पर विशेष आलेख

# खुदीराम की मौत से पहले की प्रसन्नता और निर्भीकता ने अंग्रेजी शासन को झकझोर दिया था



सुनील कुमार महला

भारत की स्वतंत्रता के लिए अपनी पूरी जिंदगी समर्पित करने वाले, बहुत ही बेबाक, अदम्य साहसी, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वीर नायक, भारत के सबसे कम उम्र के क्रांतिकारियों में से एक, तथा बंगाल प्रेसीडेंसी(वर्तमान में पश्चिम बंगाल) के एक भारतीय राष्ट्रवादी खुदीराम बोस को 1908 में एक ब्रिटिश मजिस्ट्रेट डगलस किंग्सफोर्ड की हत्या के प्रयास के आरोप में मुज्जफरपुर की एक जेल में फांसी दे दी गई थी। पाठकों को बताता चलूं कि आप भारत माता के वह वीर सपूत थे, जिनको मात्र 18 साल, 8 महीने और 8 दिन की बहुत ही छोटी सी उम्र में ही अंग्रेजों द्वारा फांसी दे दी गई थी। पाठकों को बताता चलूं कि कुछ इतिहासकार आपको देश के लिए फांसी पर चढ़ने वाला सबसे कम उम्र का क्रांतिकारी देशभक्त मानते हैं। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि आपका जन्म बंगाल में मिदनापुर के हबीबपुर गांव में 3 दिसंबर 1889 को त्रैलोक्यनाथ बोस के यहां हुआ था। आपकी माताजी का नाम लक्ष्मीप्रिया देवी था। आपके, आपका नाम %खुदीराम% नाम पड़ने की यदि हम यहां पर बात करें तो, आपके जन्म से पहले आपके दो भाइयों की बीमारी की चलते मृत्यु हो जाने के कारण आपके डरे हुए माता-पिता ने अपने तीसरे बेटे की जान बचाने के लिए एक टोटका अपनाया था, जिसमें बड़ी बहन ने चावल के बदले आपको(खुदीराम को) खरीद लिया। वैसे भी बंगाल में चावल को %खुदी% कहा जाता था, यही वजह रही कि आपका नाम खुदीराम पड़ गया। आप धोती पहनते थे। जब आप बहुत छोटे थे, तभी आपके माता-पिता का निधन हो गया था और आपकी बड़ी बहन ने आपका लालन-पालन किया था। मैट्रिक की परीक्षा से पहले ही 9 वीं कक्षा के बाद ही आपने स्कूल छोड़ दिया था।

कहते हैं कि स्कूल के दिनों से ही आप अंग्रेजों के खिलाफ विभिन्न राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लेने लग गए थे और अनेक जलसों, जुलूसों में शामिल होकर अंग्रेजी साम्राज्यवाद के खिलाफ नारे लगाते थे। आप %रिवॉल्यूशनरी पार्टी% के सदस्य बने और %वंदे मातरम् % पर्चे बांटने में भी आपने एक बड़ी भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि 1906 में मिदनापुर में एक मेले का आयोजन किया गया था।उस समय सत्येंद्रनाथ बोस ने %वन्दे मातरम् %शीर्षक से अंग्रेज़ी शासन का विरोध करते हुए एक पर्चा छपवाया था और खुदीराम बोस को मेले में इस पर्चे के वितरण की ज़िम्मेदारी सौंपी गई थी। यहां यह भी गौरतलब है कि वर्ष 1905 में बंगाल का विभाजन होने के बाद खुदीराम बोस ने सत?येंद्रनाथ बोस के नेतृत्व में अपने क्रांतिकारी जीवन की शुरुआत की थी।उपलब्ध जानकारी के अनुसार 1905 में बंगाल विभाजन(19 जुलाई, 1905 को लॉर्ड कर्ज़न द्वारा विभाजन) के विरोध में चलाए गए आंदोलन में आपने बढ़-चढ़कर भाग लिया था। कहते हैं कि उस समय बंगाल ही नहीं पूरे भारत के लोगों के मन में अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ आक्रोश भड़क उठा था और हर जगह विरोध मार्च, विदेशी सामान के बहिष्कार और अख़बारों में अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ अखबारों में जैसे लेखों की एक तरह से बाढ़ सी आ गई थी। जानकारी के अनुसार उसी ज़माने में स्वामी विवेकानंद के भाई भूपेंद्रनाथ दत्त ने %जुगाँतर% अख़बार में एक लेख लिखा, जिसे सरकार ने राजद्रोह माना। कलकत्ता प्रेसिडेंसी के मजिस्ट्रेट डगलस किंग्सफ़ोर्ड ने न सिर्फ़ प्रेस को ज़ब्त करने का आदेश दिया, बल्कि भूपेंद्रनाथ दत्त को ये लेख लिखने के आरोप में एक साल की कैद की सज़ा सुनाई। इस फ़ैसले ने अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ विद्रोह में आग में घी का काम किया। 28 फरवरी 1906 को आप(खुदीराम बोस) गिरफ्तार कर लिए गए, लेकिन आप कैद से भाग निकले और लगभग 2 महीने बाद आपको अप्रैल में फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में, 16 मई 1906 को आपको जेल से रिहा कर दिया गया।

# खुदीराम बोस के बलिदान ने जगाई आज़ादी की अलख



बाल मुकुन्द ओझा

अगस्त का महीना देशवासियों को आज़ादी के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले अनगिनत बलिदानों की याद दिलाता है। इनमें महज 18 साल का एक युवक खुदीराम बोस भी था जिसने हँसते हँसते फांसी के फंदे को चूम लिया। आज क्रांतिकारी खुदीराम बोस का बलिदान दिवस है। खुदीराम बोस सबसे कम उम्र के क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने भारत में अंग्रेजी हुकूमत का विरोध किया था। वह मुज़फ़्फ़रपुर षडयंत्र में शामिल थे और 11 अगस्त, 1908 को 18 वर्ष की आयु में उन्हें फांसी दे दी गई थी। आज जिस खुली हवा में हम सांस ले रहे है वह कितने ही लोगों के बलिदान से हमें मिली है यह आज की पीढ़ी नहीं जानती। इस आजादी को प्राप्त करने के लिए कितनी ही माताओं ने अपने नौनिहालों को देश पर कुर्बान किया यह इतिहास के पन्नों में दर्ज है। आज जरुरत इस बात की है की इतिहास की यह धरोहर किताबों से बाहर आकर हमें बलिदान की गाथा बताएं। भारत की आजादी के लिए अनेक क्रांतिवीर हँसते हँसते फांसी के फंदे पर झूल गए। इनमें से एक खुदीराम बोस ने आज के रोज 11 अगस्त 1908 को देश की आजादी की खातिर फांसी को गले लगा लिया था। भारत की आजादी के लिए अपनी जान न्यौछावर करने वाले सैकड़ों साहसिक क्रांतिकारियों में एक नाम खुदीराम बोस भी है। खुदीराम बोस का जन्म 3 दिसंबर, 1889 को बंगाल में मिदनापुर जिले के हबीबपुर गांव में हुआ था। खुदीराम बोस जब बहुत छोटे थे तभी उनके माता-पिता का निधन हो गया था।

स्कूल के दिनों से ही खुदीराम बोस राजनीतिक और सार्वजनिक गतिविधियों में हिस्सा लेने लग गए थे। वे सभा और जलूसों में शामिल होते थे तथा अंग्रेजी साम्राज्यवाद के खिलाफ नारे लगाते थे। भारत को गुलामी की चंगुल से छुड़ाने के लिए बोस के भीतर इतनी ज्वाला थी कि उन्होंने 9वीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी और जंग-ए-आजादी में कूद पड़े। 6 दिसंबर 1907 को बंगाल के नारायणगढ़ रेलवे स्टेशन पर किए गए बम विस्फोट की घटना में भी बोस भी शामिल थे।

# *कृतिका नक्षत्र*



ज्योतिषि आवेश कुमार
पता-80, वॉलीबॉल ग्राउंड लेन,
गायत्री नगर, अजमेर रोड, ब्यावर
मो.नं. - 9588974240 , 9588970047

वैदिक ज्योतिष में कृतिका नक्षत्र एक अत्यंत शक्तिशाली और प्रभावशाली नक्षत्र माना जाता है। यह नक्षत्र अग्नि तत्व से जुड़ा है और इसकी प्रकृति तेजस्वी, तीव्र और कर्मशील होती है। कुल 27 नक्षत्रों में यह तीसरा नक्षत्र है। इस नक्षत्र का स्वामी सूर्य तथा अग्नि देव हैं ।

### कृतिका नक्षत्र के चार चरण होते हैं

- प्रथम चरण (26-40% - 30-00% मेष)। इस राशि के स्वामी बृहस्पति होते हैं। यह चरण ऊर्जावान, साहसी और नेतृत्व करने वाला होता है। जातक में आत्मविश्वास और महत्वाकांक्षा अधिक होती है।
- द्वितीय चरण (0-00% - 3-20% वृषभ)यह चरण भौतिक सुख, रचनात्मकता और स्थिरता की ओर झुकाव देता है।
- तृतीय चरण (3-20% - 6-40% वृषभ)। इस राशि के स्वामी शुक्र होते हैं। इस चरण में व्यक्ति में कामुकता, कला और सौंदर्य के प्रति रुचि होती है।
- चतुर्थ चरण (6-40% - 10-00% वृषभ)। इस राशि के स्वामी शुक्र होते हैं। यह चरण स्थिरता, धन संचय और पारिवारिक जीवन पर ध्यान देता है।
- यह रजोगुणी जो गतिशीलता, ऊर्जा और परिवर्तन को दर्शाता है, ब्राह्मण वर्ण, ऊर्ध्वमुखी होती है।

### प्रतीक और विशेषताएँ

- प्रतीक-छुरी, अग्नि, तथा धारदार अस्त्र।
- स्वभाव -तीव्र और उग्र। निर्णय में स्पष्टता और कठोरता।
- प्रकृति-मिश्रित (राक्षस और देव दोनों), जिसके कारण इसमें तीव्रता और रचनात्मकता दोनों मौजूद हैं।
- मुख्य गुण- सत्य को स्वीकार करना और असत्य को काट देना। शुद्धि और परिवर्तन के लिए तत्पर। साहसी, क्रांतिकारी और सर्जनात्मक ऊर्जा।
- धर्म - धर्म-निष्ठ, परंतु रूढ़ियों को चुनौती देने वाला।

### इस नक्षत्र के व्यक्तित्व लक्षण

- बुद्धिमान, विश्लेषणात्मक और स्पष्ट वक्ता।
- आत्मनिर्भर और स्वतंत्र विचारधारा।
- नेतृत्वक्षमता,आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प।
- कभी-कभी कठोर या अधिक आलोचनात्मक।
- साहसी निर्णय लेने में सक्षम, परंतु कभी-कभी हठी।
- अक्सर नेतृत्व करने की प्रवृत्ति और आदेश देने की क्षमता।

### कृतिका नक्षत्र में जन्म लेने वालों के लिए उपयुक्त क्षेत्र

- राजनीति, सेना तथा पुलिस।
- चिकित्सक एवं सर्जन।
- अग्निशमन सेवा, कला और विज्ञान।
- लेखक, आलोचक और नेता।
- अध्यापन, धार्मिक कार्य व प्रशासन।
- विशेष रुचि- खाना पकाने, तकनीकी कार्य और शोध में रुचि।

### विवाह तथा प्रेम संबंध

- आमतौर पर प्रेम और भावनाओं में संतुलन की कमी हो रहती है।
- आत्मसम्मान की भावना अधिक होती है, जिससे सामंजस्य की चुनौती बनती है।
- विवाह में स्थिरता हेतु शांत स्वभाव वाले साथी का होना शुभ होता है।
- इन्हें तेज चीज़ों से सावधान रहना चाहिए जैसे झगड़ा, आग या तीव्र क्रोध।
- विवाह के लिए अनुकूल नक्षत्र- रोहिणी, मृगशिरा, हस्त, और स्वाति।

### स्वास्थ्य

- कृतिका नक्षत्र का प्रभाव सिर, आंखें और मस्तिष्क पर पड़ता है।
- इस नक्षत्र के व्यक्तियों को आंखों से संबंधित एवं सिरदर्द या माइग्रेन जैसी समस्याएं होती हैं।
- इनमें पाचन तंत्र से संबंधित समस्याएं भी होती है, विशेष रूप से अम्लता।
- सलाह: इस नक्षत्र के व्यक्तियों को नियमित व्यायाम, स्वस्थ आहार और तनाव प्रबंधन जरूरी है।

कृतिका नक्षत्र का संबंध अग्नि देवता से होने के कारण यह शुद्धिकरण और यज्ञ से जुड़ा है। इस नक्षत्र में जन्मे लोग आध्यात्मिकता और धर्म की ओर आकर्षित होते हैं। कृतिका नक्षत्र का तारा समूह 'Pleiades' के नाम से जाना जाता है, जिसे सप्तऋषि या सात बहनों के रूप में भी जाना जाता है। यह नक्षत्र मातृ शक्ति और पोषण से भी जुड़ा है।

कृतिका नक्षत्र एक शक्तिशाली और परिवर्तनकारी नक्षत्र है, जो सूर्य की ऊर्जा और अग्नि की शुद्धिकारी शक्ति से संचालित होता है। इसके जातक नेतृत्व, रचनात्मकता और दृढ़ संकल्प के प्रतीक होते हैं, लेकिन उन्हें अपनी तीक्ष्णता और अधीरता पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता होती है। उचित ज्योतिषीय उपायों और संतुलित जीवनशैली के साथ, कृतिका नक्षत्र के जातक अपने जीवन में सफलता और संतुलन प्राप्त कर सकते हैं।

# चुनाव हारने पर लगाते हैं आयोग पर आरोप : पटेल

## संसदीय कार्य मंत्री ने पूर्व सीएम गहलोत पर साधा निशाना

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि गहलोत सिर्फ सुर्खियों में रहने के लिए बयान देते हैं, जबकि उनके कार्यकाल में हुए घोटालों में उनके नजदीकी लोग पकड़े जा रहे हैं। गहलोत के नजदीक रहने वाला व्यक्ति पेपर लीक मामले में शामिल हो और पकड़ा जाए तो यह गंभीर विषय है। इसमें और भी कई लोग शामिल हो सकते हैं। वे रविवार को सर्किट हाउस में मीडिया से रूबरू थे।

गहलो के पूर्व पीएसओ की गिरफ्तारी को लेकर पटेल ने कहा कि इस मामले में जितने भी लोग शामिल होंगे, चाहे वे राजनीतिक हों या अन्य, सभी पकड़े जाएंगे और कानून के अनुसार सजा मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अशोक गहलोत को इस पर अपना बयान देना चाहिए। उन्होंने फोन टैपिंग



विवाद का जिक्र करते हुए कहा कि गहलोत ने इनकार किया था, लेकिन उनके ओएसडी ने कई बार इस पर आरोप लगाए, जिसका स्पष्टीकरण आज तक नहीं दिया गया। पटेल ने आरोप लगाया कि गहलोत ने कांग्रेस प्रत्याशियों को हराने के लिए व्यूहरचना बनाई, लेकिन इस पर भी उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। एसआई भर्ती की जांच पर पटेल ने कहा कि परीक्षा रद्द होना और गिरफ्तारियां अलग मुद्दे हैं। कुछ लोग दोषियों को बचाने के लिए परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे हैं ताकि दोषी पकड़े न जाएं। उन्होंने कहा कि दोषियों की पहचान और गिरफ्तारी आवश्यक है, साथ ही भर्ती परीक्षा को रद्द करना या न करना भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है।

पटेल ने कहा कि कांग्रेस को पक्का अनुमान हो गया है कि बिहार चुनाव में उनको राज नहीं मिलने वाला है। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत से भाजपा नीत गठबंधन की सरकार बन रही है। जिस-जिस राज्य में कांग्रेस चुनाव जीतती है, वहां कोई आरोप नहीं लगाते हैं। लेकिन जहां पर कांग्रेस हारती है, वहां पर हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ती है और चुनाव आयोग पर धांधली के आरोप लगाते है। पटेल ने कहा कि चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था है और संविधान के तहत कार्य करती है। विशेष निगरानी रखना और सर्वे करना ये चुनाव आयोग का काम है। अगर आप बीस लाख मतदाताओं के नाम नहीं हटाओ और 22-23 लाख ऐसे मतदाताओं के नाम जोड़ दो, जिनका कोई अता-पता ही नहीं है। ऐसे में संदेश उत्पन्न होता है कि मतदाता लिस्ट में अनाधिकृत लोगों के नाम है। किसी भी वास्तविक मतदाना ने नहीं कहा है कि मेरा नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया है लेकिन कांग्रेस पार्टी के पेट में मरोड़े इसलिए हो रहे हैं कि उनके फर्जीवाड़े उजागर हो रहे है। राहुल गांधी ने जिस तरह की बात कहीं, वो उनकी अज्ञानता को प्रदर्शित करता है। अपनी हार की बौखलाहट को मिटाने के लिए आरोप लगाना ठीक नहीं है।

**एक ही परिवार की पूजा कर रहे गहलोत :** पटेल ने कहा कि गहलाते तो आज तक एक ही परिवार की पूजा कर रहे हैं। राहुल गांधी के बयान को सही साबित करने के लिए गहलोत ने चुनाव आयोग और बीजेपी पर जो आरोप लगाए हैं, उसका वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। अगर इनके पास कोई सबूत है तो न्यायालय में पेश करें। गहलोत जानबूझकर सुर्खियों में रहने के लिए ऐसे आरोप लगाते है।

# जॉयंट्स ग्रुप ऑफ जोधाणा व सनसिटी का शपथ ग्रहण आज

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** जॉयंट्स ग्रुप ऑफ जोधाणा एवं जॉयंट्स ग्रुप ऑफ सनसिटी का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को दोपहर तीन बजे स्वास्थ्य साधना केंद्र चौपासनी में आयोजित होगा।

जोधाणा के अध्यक्ष सुरेन्द्र राज मेहता ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह ने शहर विधायक अतुल भंसाली, भामाशाह श्याम कुम्भट, डॉ. निर्मल गहलोत, विनोद सिंघवी, देवेन्द्र गेलड़ा, हेमंत घोष, सोहन भूतड़ा, लीला मूंदड़ा, प्रभा सिंघवी सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान संस्था द्वारा किए गए सेवा कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही सुरेन्द्र राज मेहता एवं सोनिया रामावत चौथी बार अध्यक्ष पद की शपथ लेंगे।

# परमात्मा के जीवन चरित्र पर हुए क्विज कॉन्टेस्ट में उमड़े श्रद्धालु



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भैरू बाग तीर्थ में साध्वी अर्चितगुणाश्री के सानिध्य में परमात्मा महावीर स्वामी के जीवन चरित्र पर आधारित सिरसा वंदे महावीरम क्विज कॉन्टेस्ट के आयोजन में श्रद्धालु उमड़ पड़े। तीर्थ के प्रवक्ता दिलीप जैन एवं सचिव जगदीश गांधी ने बताया कि आधुनिक तरीके से आयोजित क्विज कॉन्टेस्ट में महिलाओं एवं पुरुषों सहित पांच-पांच के 15 समूह बनाए गए। जिसमें 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया। तीर्थ के सह सचिव सुनील सिंघवी एवं ट्रस्टी प्रदीप खिंवसरा ने बताया कि पांच राउंड में आयोजित परमात्मा महावीर स्वामी के 27 भवों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के तहत गुरुवर्या द्वारा एक के बाद एक प्रत्येक समूह से प्रश्न पूछे गए। जिसका जवाब प्रत्येक ग्रुप ने उत्साहपूर्वक दिया। धार्मिक ज्ञान अभिवृद्धि हेतु आयोजित क्विज कॉन्टेस्ट में समूहों के नाम, उत्तर देने की समय अवधि सहित प्रत्येक ग्रुप के प्राप्तांक बड़ी इलईडी स्क्रीन पर दर्शाए गए। तीर्थ के उपाध्यक्ष आदेश्वर कोचर ने बताया कि प्रतियोगिता में चंदनबाला, सीता, कलावती एवं सुभद्रा समूह प्रथम, ऋषिदत्ता समूह द्वितीय एवं तेजपाल समूह तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को किरण, जगदीशराज, भीमराज गांधी की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सुनील सिंघवी का विशेष सहयोग रहा।

# जोधपुर जिला क्रिकेट संघ की टीम उदयपुर रवाना




## सीनियर टी-20 वूमेन स्टेट चैंपियनशिप में लेगी भाग, तीन लीग मैच खेलेगी

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** जोधपुर जिला क्रिकेट संघ (डीसीए) की सीनियर महिला टीम रविवार को उदयपुर के लिए रवाना हुई। यहां टीम सीनयर टी-20 वूमेन स्टेट चैंपियनशिप में लेगी भाग लेगी। आयोजन सचिव नवीन मित्तल एवं सचिव अरिष्ट सिंघवी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए विदा किया।

टीम के साथ मुख्य कोच अरुण खुड़ियाल, सहायक कोच साजिद खान और टीम मैनेजर शबाना खान मौजूद रहे। खिलाड़ियों के पेरेंट्स भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और टीम को प्रोत्साहित किया। उदयपुर में टीम तीन लीग मैच खेलेगी। जोधपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित कैंप एवं अभ्यास मैचों के बाद सीनियर महिला टीम का अंतिम चयन किया गया है।

चयनकर्ताओं में नरेश भाटी, सुमित माथुर, मेहराज खान एवं अमित शर्मा ने खिलाड़ियों की घोषणा की है। सीनियर महिला टीम में कप्तान नीतू कंवर, उपकप्तान मैना सियोल, मनीषा, धृति माथुर, पविता बिश्नोई, युक्ति पंवार, ज्योति राजपुरोहित, प्रियंका चौधरी, बिंदू, भूमिका गहलोत, वंशिका सिंधाल, निकिता बिश्नोई, एंजल चौधरी, धंश्री पंवार, पलक बिश्नोई, दुर्गा कंवर को शामिल किया गया है।

वहीं आरक्षित खिलाड़ी के तौर पर वैभवी सोनी, खुशबू, संगीता चौधरी, मुस्कान प्रजापत को शामिल किया गया है।

# जीवन में हिंसा का कोई स्थान नहीं : सुमति मुनि

## बच्चों ने संस्कार शिविर में उत्साह से लिया भाग

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** चौरड़िया भवन में जयमल पाठशाला के बच्चों का संस्कार शिविर सुमति मुनि के सानिध्य में आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में बालक-बालिकाओं ने शिविर में उत्साह व उमंग के साथ भाग लिया तथा सुसंस्कारों के पथ से रूबरू हुए।

सुमति मुनि ने दैनिक प्रवचनों में कहा कि श्रावक के जीवन में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। मन के भीतर हिंसा के भाव लाने से पतन की तैयारी हो जाती है। संघ की विवेचना करते कहा कि गुणों के समूह को संघ कहते है। संघ जीव को ज्ञान, दर्शन, चारित्र एवं तप में आगे बढ़ाता है। संघ की महिमा बताते हुए कहा कि संघ गुणों का खजाना है। शास्त्रों में संघ पूज्यनीय माना जाता है। परमात्मा भी अपनी देशना देने के पूर्व संघ को



नमन करते हैं। जो लोग नहीं करने योग्य कार्य को अपना मानता है, वे संघ व साधु के साथ विश्वासघात करते हैं। इससे महामोहनीय कर्म बंध होता है।

मुनिश्री ने कहा कि बुद्धि को माया एवं गलत कार्य में मत लगाओं। स्वयं की गलती होने पर उसे स्वीकार करें। गलती का प्रायश्चित करें। इससे पूर्व साध्वी नगीना ने अपने प्रवचन में कहा कि जो हार को पचा नहीं पाता है वह बंधन द्वेष एवं वेर के चुंगल में फंस जाता है। संघ के अध्यक्ष देवराज बोहरा ने बताया कि संस्कार शिविर में बच्चे गहरी रुचि दिखा रहे हैं।अभिभावक अपने बच्चों को लेकर बड़ी संख्या में शिविर में पहुंच रहे हैं।

# महिला सशक्तिकरण व स्वालम्बन की थीम पर मनाया सावन उत्सव

## अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन ने सावन उत्सव में भेंट किया पौधा

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन की जोधपुर जिला महिला इकाई द्वारा सावन उत्सव मनाया गया।

जिला अध्यक्ष अनिता मेहता ने बताया कि सावन उत्सव का शुभारंभ गणेश भगवान के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महिला सशक्तिकरण व स्वालम्बन की थीम पर आयोजित सावन उत्सव का आगाज नन्ही हेतांशी गुप्ता ने अपने नृत्य से सभी का मन मोह लिया। सरकार द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान पर सभी सदस्यों को एक-एक पौधा भेंट किया गया एवं संकल्प लिया कि पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दायित्व निभाएंगे। कार्यक्रम संयोजिका अरूणा राठी व सहसंयोजक निर्मला गुप्ता ने बताया कि कई रोचक प्रतियोगिताों का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने लोक संगीत पर अपनी प्रस्तुति दी।

महिलाओं ने रैंप वॉक, तम्बोला बेस्ट सेल्फी, बेस्ट ड्रेस, फोटेजनिक, फेस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। उपाध्यक्ष संतोष मेहता, सह सचिव रंजना गांधी एवं कोषाध्यक्ष नलिनी बंसल ने सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। सचिव संतोष जैसलमेरिया ने बतायाब कि सावन उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि महापोर दक्षिण वनिता सेठ थी। समारोह की अध्यक्षता वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र राठी ने की। मंच संचालन कोमल भाटी ने किया।

# सलोनी राजपुरोहित बनी मिस सिंजारा

## खुशियों के रंग सिंजारा के संग की थीम पर कार्यक्रम आयोजित

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** शहर के स्कायडेक, ब्लू सिटी मॉल में आयोजित सिंजारा 2.0 कार्यक्रम आयोजित किया गया। खुशियों के रंग सिंजारा के संग की थीम पर आयोजित इस उत्सव में महिलाओं ने ट्रेडिशनल ड्रेसेज में हिस्सा लेकर जोधपुर की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विशेष अतिथि अमीना अंसारी और सिजल वैष्णव ने आयोजन की सराहना की। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण



महिलाओं के लिए आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं थीं।

इनमें मिस सिंजारा क्वीन, टैलेंट हंट, रैंप वॉक, फोटो बूथ, म्यूजिकल तंबोला और कई अन्य मनोरंजक खेल शामिल थे, जिनमें सभी प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक नेहा सोनी और योग्यता तापडिया ने बताया कि इस वर्ष की मिस सिंजारा सलोनी राजपुरोहित बनी हैं। कार्यक्रम को भव्य बनाने में कृतिका राठी, सोनू लड्डा, सपना धूत और मनीषा महेश्वरी का सहयोग रहा।

# अजाक ने निविदा भर्ती में आरक्षण की मांग का ज्ञापन सौंपा



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** डा. आम्बेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी एसोसिएशन (अजाक) राजस्थान जिला शाखा जोधपुर ने मेडिकल कॉलेज द्वारा नर्सिंग ऑफिसर की निविदा भर्ती में आरक्षण की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया। अजाक राजस्थान के उपाध्यक्ष एवं जोधपुर संभाग प्रभारी बसन्त रोयल के सानिध्य में जोधपुर के जिलाध्यक्ष भंवरलाल बुगालिया के नेतृत्व में मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम जिला कलेक्टर जोधपुर को ज्ञापन दिया गया।

भर्ती प्रक्रिया में निर्धारित मापदण्ड सहित अन्य जानकारियां सार्वजनिक नहीं किए जाने एवं आरक्षण नियमों की पालना नहीं किए जाने की आशंका के मद्देनजर अजाक जोधपुर की अति आवश्यक बैठक बुलाई गई जिसमें नव नियुक्त जिला पदाधिकारियों ने उक्त भर्ती प्रक्रिया के कारण युवाओं विशेषकर नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों के रोजगार संकट एवं उनके भावी जीवन पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। बैठक के पश्चात उक्त प्रक्रिया के सम्बन्ध में तुरंत ही जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने का निर्णय हुआ।

प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर अजाक पदाधिकारी ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे। ज्ञापन देने के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष बसन्त रोयल, जिलाध्यक्ष भंवरलाल बुगालिया के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवीलाल चौहान, महासचिव अमरचंद रावल, अजाक रेल्वे प्रकोष्ठ के श्रवण चौहान (नर्सिंग अधीक्षक रेल्वे), प्रताप सिंगारिया (नर्सिंग ट्यूटर), किशन दादलिया, कैलाशचंद्र, चंद्रप्रकाश सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। ज्ञापन में बताया कि संविदा भर्ती में आरक्षण का स्पष्ट प्रावधान है अत उक्त निविदा भर्ती में यही व्यवस्था जारी रखते हुए अनुसूचित जाति के 16 प्रतिशत एवं अनुसूचित जनजाति के 12 प्रतिशत अभ्यर्थियों को लिया जाय।

# बाबा रामदेव विकास समिति ट्रस्ट कार्यालय का उद्घाटन

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मगरा पूंजला स्थित बाबा रामदेव विकास समिति ट्रस्ट के कार्यालय का उद्घाटन पंचनाम जूना अखाड़ा के महंत कमलानन्द पुरी महाराज, ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष जगदीश सिंह गहलोत एवं निवर्तमान अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह गहलोत के कर कमलों द्वारा हुआ।

ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. महेश परिहार ने बताया कि ट्रस्ट के साधारण, आजीवन सदस्यों एवं सभी ट्रस्टियों सहित गांव के बुजुर्ग, गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में उद्घाटन का कार्यक्रम पूरे विधि विधान से सम्पन्न हुआ। महंत कमलानंद पुरी महाराज ने अपने आशीर्वचन में युवाओं को एकजुट रहकर परिवारों में माताओं और



बच्चों में संस्कार जागृत करने हेतु उन्हें दैनिक पूजा पाठ, धार्मिक प्रवृत्तियों से जुडने् और धर्म को बचाए रखने का आह्वान किया। मंदिर के मरम्मत कार्यों में सहयोग हेतु भामाशाह राकेश परिहार को सम्मानित किया गया ।

# बिजोलाई बालाजी आश्रम में 21 पौधों का रोपण

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** कायलाना तखतसागर की पहाड़ियों के मध्य स्थित प्राचीन बिजोलाई बालाजी मंदिर के आसपास महामंडलेश्वर सोमेश्वरगिरी महाराज के कर कमलों में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सघन वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में गुरु परिवार के साथ श्री गुरु जम्भेश्वर वन्यजीव सेवा एवं पर्यावरण विकास संस्थान के कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और पर्यावरण को बढ़ावा देने व उसके संरक्षण का संकल्प लिया।

महामंडलेश्वर सोमेश्वरगिरी महाराज ने इस अवसर पर कहा कि वृक्षारोपण हमारे पर्यावरण और जीवन के लिए अत्याधिक लाभकारी है। यह केवल शुद्ध हवा और ऑक्सीजन की आपूर्ति नहीं करता बल्कि



जलवायु परिवर्तन को भी नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण मिट्टी के कटाव को रोकने में मदद करता है और जल संरक्षण को भी बढ़ावा देता है। वर्तमान समय में जब प्रदूषण और वैश्विक तापमान में वृद्धि एक प्रमुख चिंता का विषय है। ऐसे में वृक्षारोपण एक कारगर उपाय है। जिससे पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ रखा जा सकता है। गुरु जम्भेश्वर वन्यजीव सेवा एवं पर्यावरण विकास संस्थान के पुखराज खेड़ी ने कहा कि वृक्षारोपण ना केवल पर्यावरण की रक्षा करता है। बल्कि यह जैव विविधता को भी बढ़ावा देता है। जिससे अलग-अलग प्रजातियों के जीव जंतु और पौधें सुरक्षित रह पाते है। इसलिए वृक्षारोपण को बढ़ावा देना और इसे एक सामूहिक प्रयास में बदलना महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर सोमेश्वरगिरी महाराज ने गुरु परिवार के सदस्यों और जम्भेश्वर वन्यजीव सेवा एवं पर्यावरण विकास संस्थान के कार्यकर्ताओं को पर्यावरण की रक्षा करना और उनके संरक्षण का संकल्प रहा है।

एक पेड़ मां के नाम' इस अभियान में रमेश बाबा, सुभाष व्यास, ललित पंवार, जितेन्द्र रावल, गगन सोनी, त्रिलोकसिंह, नन्दकिशोर मालवीय, अरूण माथुर, सत्यनारायण जोशी, प्रतापसिंह, तेजसिंह, राहुलसिंह सिसोदिया, पं. हेमन्तकुमार, श्रीराम, युवराज सिंह आदि ने भाग लिया।

# कहानी 'आनन्दी' में आदमी के विरोधाभास का चित्रण

## सुख़न सराय में गुलाम अब्बास की कहानी 'आनन्दी' पर सार्थक चर्चा

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** रिवायत ने थियेटर सेल के साथ मिलकर शुरू किया गया कहानियों पर चर्चा का कार्यक्रम 'सुखन सराय' में इस बार गुलाम अब्बास की वेश्याओं और नगरपालिका के टकराव वाली कहानी 'आनंदी' पर खुलकर चर्चा हुई।

पद्मश्री शाइर और चिंतक शीन काफ निज़ाम ने इस बार भी पूरे समय उपस्थित रह कर युवाओं का हौसला बढ़ाया और समय= पर परिचर्चा की दिशा को कहानी पर केंद्रित किया, साथ ही अपने कई प्रश्नों से उपस्थितजन को कहानी के मर्म तक पहुंचने के संकेत छोड़े। कहानी के चरित्र पर बार-बार आये सवाल पर निज़ाम ने अपना दृष्टिकोण यह कह कर रखा कि पूरी कहानी ही चरित्र है। सड़क की लंबाई के प्रश्न को वक्ताओं के विवेक पर छोड़ते हुए यह बताया कि कहानी को कैसे पढ़ा जाना चाहिये।

सुप्रसिद्ध कहानीकार डॉ. हरीदास व्यास ने कहा कि 'आनंदी' कहानी में आदमी के विरोधाभास हैं। साहित्य का आउटपुट ही ध्वनि है इस कहानी में कोई साहित्यिक ध्वनि सुनाई नहीं देती, लेकिन इस कहानी ने कई संगठनों के



मुंह पर ताले लगा दिये इसलिये यह कहानी अविस्मरणीय है। शाइर एवं राजस्थान उर्दू अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. निसार राही ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कहानीकर ने अपने ख़याल को अमली जामा पहनाया है। पूरी कहानी में ज़बान और भाषा पर ज़ोर है जिस्म की नुमाईश पर ज़्यादा ज़ोर है, रूह पर नहीं। कहानियों में विशेष रुचि से पढ़ने वाले पाठक अनिमेष जोशी के अनुसार कहानी के पैटर्न पर पाश्चात्य हवालों से बात करते हुए कहा कि कहानी को कहानी के रूप में पढ़ना चाहिये ना कि उसके लेखक व शीर्षक के आधार पर, मैं इस कहानी से जुड़ नहीं पाया, लेखक को कहानी में शीर्षक को खोलना चाहिये था, वहीं कार्यक्रम संयोजक, शाइर और उर्दू व्याख्याता डॉ. इश्राकुल इस्लाम माहिर ने 'आनंदी' कहानी की प्रासंगिकता को शहरों के नाम बदलने, बाज़ार और घोड़े की पीड़ा से साबित करने की कोशिश की, वहीं सांप और चमगादड़ के आपसी सम्बन्धों, मुहावरों, समय के साथ शब्दावली में बदलाव और गीदड़ को बतौर प्रतीक कहानी की घटनाओं और वर्तमान की घटनाओं से जोड़ने के साथ-साथ कई प्रश्न भी उठाये।

शाइर मुहम्मद अफजल जोधपुरी ने कहानी पर बात करते हुए कहा कि हक़ीक़त मैं जो दाग़ हमारे भीतर लगे हु ? हैं। इंसान उनसे लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पता इसलिये बाहर वाली चीजों को अपने से दूर खदेड़ देता है। कवि एवं रंगकर्मी राकेश मूथा ने चर्चा में भाग लेते हुए बताया कि जिस दौर में यह कहानी लिखी गई उस दौर की यह एक अलग कहानी ही नहीं बल्कि आधुनिकतम कहानी थी, ये कहानी न वेश्या के ऊपर न आप के ऊपर है यह सिर्फ एक दृश्य है। यह कहानी पाठक को खुद से मिलाती है। कहानीकर का यही काम है। थियेटर सैल के निदेशक डॉ. हितेन्द्र गोयल ने कहानी के कथ्य और प्रासंगिकता पर प्रश्न उठाए। रंगकर्मी मज़ाहिर सुलतान ज़ई ने बताया कि आनन्दी नामी बस्ती मात्र समस्या का स्थान परिवर्तन बताता है लेकिन बुराई को ज्यों का त्यों क़ायम रखता है, व्याख्याता ज़ाहिद हुसैन चुन्दड़ीगर ने कहा कि कहानी जहां से शुरू हुई वापस वहीं पर आकर ख़त्म होती है। कवि कुलदीप सिंह भाटी के अनुसार समाज के उपेक्षित लोग ही समाज का निर्माण करते हैं। कवयित्री डॉ. मनीषा डागा की चर्चा इस कहानी के निचोड़ तक पहुंचने की सार्थक कोशिश है। कहानीकर वीना चूण्डावत ने बताया कि कहानी में स्त्रियों की ताक़त बहुत अच्छी लगी कवि नवीन बोहरा पंछी ने कहानी में नगर पालिका के सदस्यों में संवेदना की कमी को उजागर किया साथ ही कहानी में बेसवाओं के संवाद की कमी बताई। तहज़ीब के सेक्रेटरी नफ़ासत अहमद ने प्रश्न उठाया कि क्या अच्छाई और बुराई साथ नहीं रह सकती ? कहानी में किरदारों का रिपीटेशन नहीं हुआ है। कवि गौतम गट्स ने अनुभव किया कि कहानी आख़िर में फिर से शुरू हो जाती है। राजेश कल्ला ने यूरोपीय लेखकों के साथ इंतिज़ार हुसैन और क़ुर्रतुल ऐन हैदर का ज़िक्र करते हुए कहा कि कहानी तो अपने आख़िरी पैराग्राफ से शुरू होती है। चर्चा में हिमांशु किरण शर्मा ने कहानी को सामाजिक पाखंड पर समयातीत व्यंग्य बताया जो सिर्फ बाज़ार को अलग रखने की कोशिश है। युवा रंगकर्मी चंदन शर्मा के अनुसार 'आनंदी' इंसान के दौहरे नेचर को दिखाती है। परिचर्चा में युवा रंगकर्मी मयूर ने सबसे पहले 'आनंदी' की प्रासंगिकता पर प्रश्न उठाया तो एडवोकेट सुरभि ने कहानी में आये 'हुस्नाबाद' और 'हसनाबाद' के प्रतीकात्मक रूप पर चर्चा करते हुए बीच-बीच में कई प्रश्नों के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौक़े पर बुजुर्ग शाइर और अफ़साना निगार हबीब कैफ़ी, वरिष्ठ रंगकर्मी महेशचंद्र माथुर, नौजवान शाइर वसीम बैलिम, आकाशवाणी के गोपाल सिंह चौहान, तेजस्वी एवं मुहम्मद यशफा सहित कई सुधि जन मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. इश्राकुल इस्लाम माहिर ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# एशिया पैसिफिक रिजनल कॉन्फ्रेंस के लिए राजस्थान से डॉ. मीनाक्षी का चयन

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** नई दिल्ली में 19 से 23 अगस्त, 2025 तक वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ गर्ल गाइड्स एंड गर्ल स्काउट्स की एशिया पैसिफिक क्षेत्रीय इकाई द्वारा आयोजित 15वां एशिया पैसिफिक रीजनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन लीला एम्बेसी कन्वेंशन होटल नई दिल्ली में किया जा



रहा है। इस कार्यक्रम में राजस्थान की रेंजर लीडर डॉ. मीनाक्षी बोराणा सहित 8 रेंजर्स राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह सम्मेलन गर्ल गाइड्स और गर्ल स्काउट्स के वैश्विक मंच पर एक महत्वपूर्ण आयोजन माना जाता है।

इस सम्मेलन में वर्ल्ड बोर्ड की चेयरपर्सन, चीफ एग्जीक्यूटिव, और वैश्विक टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही 20 सदस्य देशों की प्रतिनिधि संस्थाओं से 100 से अधिक प्रतिनिधि और पर्यवेक्षक शामिल होंगे। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में राजस्थान से एकमात्र डॉ. मीनाक्षी बोराणा का चयन रेंजर लीडर के रूप में किया गया है। उनके साथ 8 रेंजर भारत की संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने के साथ-साथ राष्ट्रीय टीम का भी हिस्सा होंगी। कमला नेहरू महिला महाविद्यालय रेंजर टीम से, कृष्णा राजपुरोहित,मुस्कान कंवर,राधिका बोहरा,वर्षा वैष्णव, कृष्णा ओपन रेंजर टीम से, सोनिया देवड़ा ,वैदेही,प्रियंका सोलंकी, रूद्राणी जसल इत्यादि रेंजर प्रतिनिधित्व करेंगी।

# भर्ती परीक्षा में 37 जवानों का चयन

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद् नई दिल्ली एवं भारत सरकार के पसारा एक्ट 2005 के तहत एवं ग्लोबल स्किल इण्डिया डवलवमेंट के द्वारा व एन डी आर एफ के तहत ग्रामीण एवं शहरी शिक्षित बेरोजगार युवाओं सिक्योरिटी स्किल काउंसिल इण्डिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षा सैनिक व सुरक्षा सुपरवाइजर व सुरक्षा आधिकारी की भर्ती चयन परीक्षा आयोजन कार्यक्रम में किया जा रहा है।



जिसमें रविवार को तहसील भोपालगढ व तिवरी के युवाओ का माधवगढ होटल रेस्टोरेन्ट रामजन हत्था मे भर्ती परीक्षा का अयोजन किया गया जिसमे 118 जवानो ने भाग लिया उसमे से नीमच से आये भर्ती अधिकरी महिपाल सिह ने शारीरिक मापदंड के बाद 37 जवानो का चयन किया। भर्ती अधिकारी ने बताया कि आगामी भर्ती 11 अगस्त को तहसील शेरगढ व ओसिया के युवाओ का 12 अगस्त को तहसील लूणी व बावडी के युवाओ का व 13 अगस्त को तहसील तिवरी व पीपाड़ सिटी के युवाओं का व 16 अगस्त को जोधपुर शहर ग्रामीण भर्ती 17 अगस्त तहसील पीपाड़ सिटी व जोधपुर 18 अगस्त तहसील बालेसर व मण्डोर व समस्त राजस्थान के युवाओ का भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जायेगा, जिसमे युवाओं की शारीरिक मापदंड के बाद रजिस्ट्रेशन किया जायेगा।

# भाजपा कुड़ी मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** भारतीय जनता पार्टी कुड़ी मंडल की ओर से कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है।

कुड़ी मंडल के अध्यक्ष दिनेश सिंह राजपुरोहित ने बताया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार व दक्षिण देहात जिला अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी के अनुशंसा पर कुड़ी मंडल की कार्यकारिणी घोषित की गई है। कार्यकारिणी में हनुमान राम पटेल, हेमाराम चौधरी, केसर सिंह, ओमप्रकाश बिश्नोई, योगेश सोलंकी, सरला देवी, भैया प्रजापत और सरोज जांगिड़ को उपाध्यक्ष बनाया है। वहीं महामंत्री का दायित्व पूसाराम चौधरी, किशन वेरावत, गिरिराज सिंह, मंत्री हेमाराम देवासी, सतीश पटेल, मेघ सिंह, रविंद्र बुढिया़, खेताराम प्रजापत, यश जैन, अनु कंवर, पारसी मेहरा को दिया गया। इसी प्रकार से कोषाध्यक्ष तेज सिंह राव, मीडिया प्रभारी दिनेश राव, राजेश सोनी, कार्यालय प्रमुख सुमेर सिंह राजपुरोहित, सह प्रमुख कैलाश चंद्र, विधि सलाहकार इंद्रसिंह कच्छावाहा, विधि सलाहकार अशोक पालीवाल, प्रवक्ता अजय गोस्वामी, दयाराम मुंडेल, नारायण सिंह राठौड़, पारस सेन, आईटी संयोजक दिलीप सिंह, सहआईटी संयोजक प्रकाश बिश्नोई, सोशल मीडिया प्रभारी कैलाश चौहान और सह सोशल मीडिया प्रभारी जसवंत सैन को बनाया गया।

# तीस किलो से ज्यादा मादक पदार्थ बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** डांगियावास पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत डोडा-पोस्त के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों से पुलिस मादक पदार्थ



तस्करी को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने दांतीवाड़ा सरहद में कार्रवाई करते हुए एक स्विफ्ट कार को रुकवाया। तलाशी लेने के दौरान स्विफ्ट कार से तीस किलो से अधिक डोडा-पोस्त बरामद किया गया।

पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इस मामले में नेतड़ा पुलिस थाना करवड़ देवाराम पुत्र पूसाराम देवासी व उसके साथी रिया सेठा री पुलिस थाना पीपाड़ शहर निवासी रामदयाल पुत्र श्रवण राम देवासी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब दोनों से मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त के संबंध में पूछताछ कर रही है।

# असाधारण होते हुए भी साधारण के लिए फिक्र करना मानवता : शेखावत



## रूमा देवी सुगणी देवी स्कॉलर्स अवॉर्ड के पांचवे साल में तीन करोड़ रुपए समर्पित

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** रूमा देवी फाउंडेशन व गढ़वाल फैमिली फाउंडेशन की ओर से आज डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में अक्षरा छात्रवृत्ति का पांचवा संस्करण आयोजित किया गया, जिसमें 25 हजार से एक लाख रुपए तक की छात्रवृत्ति व 25 लाख के रूमा देवी सुगणी देवी स्कॉलर्स अवॉर्ड का पहला चरण केन्द्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व संसदीय कार्य विधिक व न्याय मंत्री जोगराम पटेल की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

शेखावत ने जरूरतमंद व हुनरमंद विद्यार्थियों को सम्मान प्रदान करते हुए कहा कि बिरले लोग ही ऐसे होते हैं जो असाधारण होते हुए भी साधारण बनकर समाज के पिछड़े लोगों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लेकर काम कर रहे है और वो रूमा देवी ने आज यहां साकार किया है। उन्होंने अपनी निजी आय से दो विद्यार्थियों को छात्रवृति समर्पित की। इस दौरान मदेरणा कॉलोनी की मुस्कान को विपरीत आर्थिक परिस्थतियों के बावजूद घर से ही तैयारी कर एमबीबीएस में प्रवेश लेने पर एक लाख का स्कालर्स अवॉर्ड मिलने पर बधाई दी। पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड ने फाउंडेशन द्वारा चयनित आठ विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति समर्पित करने की घोषणा की। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बेटियों को आगे बढ़ाने के समाज को सोच बदलने का आह्वान किया। किशनगढ़ के विधायक विकास चौधरी ने ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के सुखराम भूंकर ने छात्रों को हिदायत दी कि इस छात्रवृति की राशि का सदुपयोग करें। नवचयनित आईएएस ममता डूडी ने सफल होने के लिए प्रेरित किया। भारत सरकार के गति शक्ति विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनोज चौधरी, पूर्व कुलपति गंगाराम जाखड़, साहित्यकार व केयर्न के महाप्रबंधक अयोध्या प्रसाद गौड़, हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद के हंसराज बाहेती, राधेश्याम रंगा, दुबई के नंदी मेहता, अंशु चौधरी, श्रीपाल लोढ़ा, शैलाराम सारण, शारदा चौधरी, अतीक अहमद ने संबोधित किया। रूमा देवी ने सभी छात्रवृत्ति प्राप्त छात्र छात्राओं को बधाई दी तथा अपने हुनर को पहचान कर आगे बढने् की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन उम्मेद सिंह सियोल व रमेश मिर्धा ने किया।

# अलग-अलग स्टेशनों पर पोस्टर एवं पेंपलेट का वितरण

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** भारतीय रेलवे द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर मंडल पर यात्रियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष एंटी-लिटरिंग अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत नागौर, नोखा, मेड़ता रोड, जोधपुर, बाड़मेर, पाली मारवाड़, भगत की कोठी तथा जैसलमेर रेलवे स्टेशनों पर एंटी-लिटरिंग संबंधी पोस्टर एवं पेंपलेट का वितरण किया गया। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को स्वच्छता बनाए रखने, गंदगी फैलाने से बचने तथा स्टेशन परिसर और ट्रेनों में कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालने के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान रेलवे कर्मचारियों ने यात्रियों को एंटी-लिटरिंग से जुड़े नियमों और जुर्माने की जानकारी भी दी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और स्वच्छ रेलङ्कस्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाएं।

# नाकाबंदी तोड़ी, पुलिस जवानों ने पीछे हटकर बचाई अपनी जान

## पीछा कर चार बदमाशों को पकड़ा



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** आगामी पंद्रह अगस्त को जोधपुर में होने वाले राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर कमिश्नरेट पुलिस हर थाना, नाकों व चौराहों पर नाकाबंदी कर रही है। नौ अगस्त की रात को चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना पुलिस ने डीपीएस सर्किल पर वाहनों की जांच के लिए ए श्रेणी की नाकाबंदी कर रखी थी लेकिन तेज गति से आई बिना नंबर की फॉरच्यूनर गाड़ी इस नाकाबंदी को तोडक़र भाग गई। गाड़ी की टक्कर से बैरिकेड्स नीचे गिर गए और वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने पीछे हटकर अपनी जान बचाई। इसके बाद कंट्रोल रूम को सूचना देने पर पुलिस ने पीछा व घेराबंदी कर उस कार को पकड़ा। उसमें बैठे तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। इसमें एक वांटेड निकला है। इसके अलावा उनके एक साथी को भी बाद में पकड़ा।

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थानाधिकारी ईश्वरचंद पारीक ने बताया कि नौ अगस्त की रात को डीपीएस चौराहे पर नाकाबंदी की थी। रात करीब 11.40 बजे पाल बालाजी की तरफ से डीपीएस चौराहे की ओर काले रंग की बिना नंबर की फॉरच्यूनर गाड़ी तेज गति से खतरनाक ढंग से आते हुए दिखाई दी। वहां पर मौजूद जाब्ते ने दूर से हाथ का इशारा देकर रुकने के लिए कहा, तो फॉरच्यूनर के ड्राइवर ने स्पीड और बढ़ा दी। वह गाड़ी को नाकाबंदी तोड़ते हुए आगे डाली बाई मंदिर तिलवाड़ा चौराहे की तरफ रॉन्ग साइड की ओर भगा ले गया। इस दौरान वहां मौजूद पुलिस के जवानों ने पीछे हटकर अपनी जान बचाई। गाड़ी में चार लोग बैठे दिखाई दिए। इसके बाद पुलिस ने वायरलैस के जरिए गाड़ी के बारे में कंट्रोल रूम को सूचना दी। वहीं पुलिस की अन्य टीमों को सूचित किया गया। जिस पर राजीव गांधी नगर की पुलिस टीम द्वारा ड्राइवर सहित तीन लोगों को गाड़ी के साथ पकड़ा गया।

पुलिस ने बिना नंबर की गाड़ी के ड्राइवर रामेश्वर नगर बासनी निवासी छैल्लू सिंह पुत्र अर्जुन सिंह, इंद्रोका निवासी अचल सिंह पुत्र भंवर सिंह और जयपाल सिंह पुत्र भंवर सिंह को गिरफतार किया। वहीं एक अन्य आरोपी इंद्रोका निवासी नरेंद्र सिंह पुत्र पर्वत सिंह को बाद में पकड़ा गया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि छैलूसिंह फ्रॉडस्टर है। वह यूएसडीटी का कार्य करता है एवं वर्तमान में लूट के मामले में जयपुर कमिश्नरेट के बजाज नगर थाने का वांछित है। साथ ही छैलूसिंह गुडगांव हरियाणा पुलिस के भी एक प्रकरण में वांटेड है। मुलजिम छैलूसिंह से पूछताछ जारी है।

# आराधकों का बहुमान, सात लाख से अधिक नमस्कार महामंत्र का जाप

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** अमरनगर स्थित उजी तारा त्रिस्तुतिक जैन संघ भवन में आयोजित नौ दिवसीय नवकार मंत्र आराधना का रविवार को मंगलमय समापन हुआ। इस अवसर पर साध्वी कल्पलता, सौम्यगुणा एवं वैराग्यगुणाश्रीजी महाराज ने कहा कि नमस्कार मंत्र की आराधना आत्मा को शुद्धि, शांति और संयम की ओर ले जाती है। आराधक इस पुण्य को अपने जीवन में सद्गुणों के रूप में धारण करें। पवित्र नवकार मंत्र आराधना पूर्ण होने के बाद आराधकों का पारणा लाभार्थी अशोक-रानी पोरवाल परिवार की ओर से भक्ति और आत्मीय भावनाओं के साथ संपन्न हुआ।



श्रीसंघ द्वारा तप आराधकों का तिलक, माल्यार्पण एवं श्रीफल भेंट कर भावपूर्ण बहुमान किया गया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी एवं अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। तपश्चर्या समिति सदस्य सुरेश लूंकड़ एवं कमल बाफना ने बताया कि नौ दिवसीय आराधना के दौरान, आराधकों तथा आराधना स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने सात लाख नवकार मंत्र का सामूहिक जाप, 400 एकासना, 4000 से अधिक स्वास्तिक लोगस्स पाठ एवं ख़मासने एवं देव वंदन कर स्वयं के आत्मकल्याण के साथ-साथ सम्पूर्ण विश्व के समस्त जीवों के कल्याण की मंगलकामना की। कार्यक्रम समापन पर अशोक पोरवाल, चम्पालाल सालेचा द्वारा प्रभावना वितरित की गई।

# भाजपा चलाएगी हर घर तिरंगा अभियान

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर मंडल स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** भारतीय जनता पार्टी शहर जिला अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान एवं विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तहत भाजपा के विभिन्न मंडलों में कार्यशालाएं आयोजित की गईं। सूरसागर विधानसभा के चार मंडलों की संयुक्त कार्यशाला कमला नेहरू नगर राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित हुई, जबकि लाल सागर मंडल की कार्यशाला हर्बल पार्क माता के थन में संपन्न हुई।

कार्यशालाओं में सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, जिला संयोजक शिवकुमार सोनी, महामंत्री ओमप्रकाश दहिया, उप महापौर किशन लड़ा, जगत नारायण जोशी, घनश्याम वैष्णव, महेंद्र मेघवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। विधायक देवेंद्र जोशी ने हर घर तिरंगा अभियान की महत्ता और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए मंडल एवं बूथ स्तर पर




जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और परिवर्तन को आज हर भारतीय महसूस कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जिस तरह पूरे देश में विजय उत्सव मनाया गया और तिरंगा यात्रा निकालकर सैनिकों के शौर्य को सलाम किया गया, उसी देशभक्ति के जज़्बे को कायम रखने के लिए भाजपा ने हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया है। भाजपा मंडल प्रवक्ता परशुराम तिवारी ने बताया कि इस अवसर पर हेमंत जामनानी, पंकज भाटी, ओमप्रकाश मेवाड़ा, भैरू दास वैष्णव एवं शिवकुमार सोनीभी मौजूद रहे। लाल सागर मंडल की कार्यशाला में जिला महामंत्री प्रतिपाल वालेचा, ओमप्रकाश दहिया, सुभाष गहलोत, लक्ष्मण भाटी, महेश व्यास, ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के इस पावन पर्व पर जोधपुर के हर घर पर तिरंगा फहराया जाएगा। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से लेकर बूथ स्तर तक प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व होगा कि हर घर तिरंगा पहुंचे और लहराए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति और निर्णायक नेतृत्व के चलते आज भारत विश्व में सबसे मजबूत राष्ट्रों में से एक के रूप में उभरा है।

इसी प्रकार सरदारपुरा विधान सभा राईका बाग मंडल स्तरीय कार्यशाला पूर्व राज्य मंत्री पूर्व जोधपुर विकास प्राधिकरण चेयरमैन प्रो डॉ महेन्द्र सिंह राठौड़ के मुख्य आतिथ्य व जिला महामंत्री प्रतिपालसिंह वालेचा ओम प्रकाश दहिया राईका बाग मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह ज्याणी जिला उपाध्यक्ष श्सुनील भाटी जिला मंत्री एवम कार्यक्रम सह संयोजक वरुण धनाडीया जिला प्रवक्ता कैलाश गौड़ पार्षद भवानी सिंह जोधा पूर्व मंडल अध्यक्ष भवानी प्रताप सिंह शेखावत पूर्व जिला मंत्री रविपाल सिंह सरेचा की अथिति में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर प्रदेश व जिला प्राधिकारी मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, कार्यकारी सदस्य, वरिष्ठ नेता, पार्षद, शक्ति केंद्र संयोजक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अस्पताल में इलाज के लिए हर बार नहीं ले जानी पड़ेगी पर्ची

## आभा कार्ड बताएगा मेडिकल हिस्ट्री, आशा एवं एएनएम बनायेगी आभा आईडी

**हुक्मनामा समाचार**

**बालोतरा।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रत्येक व्यक्ति की आभा आईडी बनाई जाएगी। इससे आने वाले समय में किसी व्यक्ति को अस्पताल में एक बार पर्ची बनवाने के बाद फिर से इसे साथ ले जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। केंद्र सरकार की योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग हर व्यक्ति का निशुल्क डिजिटल आभा आईडी कार्ड (आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता) बनवा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांकाराम चौधरी ने बताया कि मोबाइल से लिंक आधार कार्ड के जरिये आभा कार्ड बनेंगे। आभा कार्ड 14 अंक का होगा, इसमें प्रत्येक व्यक्ति की बीमारी और पिछले इलाज का डेटा फीड होगा। अस्पताल में इलाज के लिए जाने पर आभा कार्ड या इसके नम्बरों के जरिये यह डेटा डॉक्टर देख सकेंगे। पहले कौनसी दवा दी गई और कौनसी दवा लिखनी है, यह तय करने में उन्हें सहूलियत होगी। स्वास्थ्य विभाग ने कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी विजय सिंह ने बताया कि एएनएम और आशा सहयोगिनी घर-घर जाकर आशा डिजिटल एप एवं एएनएम डिजिटल एप के माध्यम से डिजिटल आभा कार्ड बनाने का कार्य कर रही है। इसके लिए आशा प्रत्येक का डेटा रजिस्टर में अंकित कर रही है, इसमें व्यक्ति का नाम, उम्र, आधार संख्या, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर तथा लाभार्थी को प्राप्त सरकारी योजनाओं की जानकारी भी होगी। लाभार्थी के घरो पर नंबर भी डाले जा रहे है, यदि आपके घर आशा सहयोगिनी या एएनएम आए तो आप उनको सहयोग करे।

**घर पर ऐसे बना सकते है आभा कार्ड :** जिला कार्यक्रम अधिकारी विजय सिंह ने बताया कि यदि आपके पास एंड्राइड मोबाइल, कंप्यूटर और लैपटॉप है तो आप घर बैठे ही अपना आभा कार्ड बना सकते हैं। आपको गूगल में https://abha.abdm.gov.in लिखना होगा। होम पेज क्रेट आभा नंबर पर क्लिक करना होगा। इसमें दो आप्शन मिलेगे आधार कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस। आधार वाले पर क्लिक करने पर आपको अपना आधार कार्ड नंबर भरना होगा, इसके बाद आई एग्री पर क्लिक करना होगा, फिर कैप्चा भरना होगा, इसके बाद नेक्स्ट पर क्लिक करना होगा, आधार नंबर और मोबाइल नंबर भरना होगा, इसके बाद वेरीफाई करना होगा, आपका आभा कार्ड बनकर तैयार हो जाएगा, जिसकी आप पीडीएफ डाउनलोड कर सकते है और प्रिंट भी निकाल सकते है।

**अधिकारी कहिन :** केंद्र सरकार की योजना के तहत जिले के सभी लोगों के निशुल्क डिजिटल आभा आईडी कार्ड बनाए जा रहे है 7 जिसमे प्रत्येक व्यक्ति की बीमारी और उसके उपचार की जानकारी होगी। जब व्यक्ति दिखाने जाए तो अपने साथ आभा कार्ड लेकर जाना होगा। डॉक्टर जैसे कंप्यूटर में व्यक्ति की आभा आईडी डालेगा, उस व्यक्ति की बीमारी और उसके किये गए उपचार के बारे में जानकारी कंप्यूटर पर दिखाई देने लगेगी। जिससे डॉक्टर को इलाज करने में ओर सुविधा होगी।

**-डॉ. वांकाराम चौधरी, सीएमएचओ**

# श्री दक्ष प्रजापति कुमावत संस्थान की नवीन कार्यकारिणी घोषित

**सुमेरपुर (हुक्मनामा समाचार)।** श्री दक्ष प्रजापति कुमावत विकास सेवा संस्थान सुमेरपुर नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें अध्यक्ष पद पर चुने गए चम्पालाल ने अपनी कार्यकारणी घोषित की। संस्थान के मिडिया प्रभारी रमेश कुमार आर्य ने बताया कि कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर देवाराम जेसातर, उपाध्यक्ष भुपेश, रमेश सनवेचा, रमेश गुगोमन, नेमाराम मुलेवा, प्रकाश भारुन्दा, सचिव सुरेश कुमार चौहान, सह-सचिव गोविन्द भाई पार्षद, कोषाध्यक्ष मदनलाल मेडतिया, सह-कोषाध्यक्ष बाबूजी गहलोत, विधि सलाहकार एड्वोक्ट गोविन्द कुमावत, प्रचार मंत्री पुखराज पोणेसा, सह-प्रचार मंत्री - भैराराम मालविया, मीडिया प्रभारी -रमेशकुमार आर्य, सगठन मंत्री - भीमाजी जैसातर, सलाहाकार मंत्री एडवोकेट नरेश कुमार को नियुक्त किया गया। साथ ही कार्यकरणी सदस्य डा. सोहन कुमावत, ललित मेडतिया, खेताराम रामिणा, मगनजी जालोरा, रमेश भारुन्दा, घेवाराम सनवेसा, गणेश सनवेसा, बाबुलाल जालोरा को मनोनीत किया। आर्य ने बताया कि संस्थान के अध्यक्ष चंपा लाल ने सभी पदाधिकारियों को संस्थान के हित में कार्य करने के लिए कहा। इस अवसर पर कई समाज बंधु मौजूद रहे।

# घांची समाज का पैदल संघ रामदेवरा के लिए रवाना



**भीनमाल (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में शनिवार को श्री नाथ वाटिका से क्षत्रिय घांची समाज का पैदल संघ बाबा रामदेवरा के दर्शन के लिए रवाना हुआ। इस संघ में 100 से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा शुरू होने से पहले रंभा देवी के घर से संतोषी माता मंदिर तक एक शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा घांचियों के चौहटे से होते हुए बड़े चौहटे तक पहुंची। शोभायात्रा के दौरान गाजे-बाजे और जयकारों के साथ युवाओं ने धार्मिक गीतों पर नृत्य किया। संतोषी माता और बाबा रामदेव के जयकारे लगाए गए। मार्ग में जगह-जगह संघ का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया।

घांची समाज के अध्यक्ष भगवानाराम चौहान, महदेवाराम चौहान, भीखाराम परमार और बाबूलाल बोराणा के नेतृत्व में हरी झंडी दिखाकर संघ को रवाना किया गया। इस अवसर पर लीलाराम भाटी, राजेश भाटी, बाबुलाल भाटी, कांतिलाल परमार, जबराराम चौहान, बंसीलाल, दिलीप, हीरालाल, नागराज, कैलाश, ओम प्रकाश, गोपाल, महेंद्र, अमृत,अरविन्द, अर्जुन माली, मदन, जितेंद्र, रेवाराम, विक्रम, मदन, कांतिलाल, करसन सहित घांची समाज के अन्य लोग मौजूद थे।

# शहीदों की प्रतिमाओं में होता है तैतीस करोड़ देवी देवताओं का वास : खेतासर

## बेह चारणान में शहीद बद्रीदान चारण का शहादत दिवस मनाया

**हुक्मनामा समाचार**

**ओसियां।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम बेह चारणान में कारगिल ऑपरेशन रक्षक के दौरान अपने प्राणों का न्यौछावर करने वाले शहीद बद्रीदान चारण के तीसवें बलिदान दिवस को सैकड़ों ग्रामीणों व परिजनों की उपस्थिति में श्रद्धापूर्वक मनाया गया।



इस दौरान उपस्थित ग्रामवासियों व विद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राजस्थान सरकार के पूर्व केबिनेट मंत्री शम्भूसिंह खेतासर ने कहा कि शहीदों के बलिदान से आने वाली पीढ़ियों को अपनी मातृभूमि की रक्षा करने व देश प्रेम की प्रेरणा मिलती है। शहीदों की प्रतिमाओं में ही तैतीस करोड़ देवी देवताओं का निवास होता है, किसी शुभ कार्य को करने से पहले यदि शहीद के स्मारक के दर्शन कर लिए जाएं तो वह कार्य शत प्रतिशत रूप से सफल व लाभदायी होता है हाल ही में राज्य सरकार द्वारा गांव के विद्यालय का नामकरण शहीद बद्रीदान के नाम से करने पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, क्षेत्रीय विधायक भैराराम सियोल व पूर्व केबिनेट मंत्री शम्भूसिंह खेतासर का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में शहीद की वीरांगना व परिजनों का भी सम्मान किया गया।वहीं विद्यालय में भारतीय स्टेट बैंक शाखा ओसियां ने विद्यार्थियों की सुविधा हेतु पंखे भी भेंट किये व ओएनजीसी कम्पनी ने कचरापात्र भेंट किये।कार्यक्रम में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाली व एक पेड़ मां के नाम अभियान की कड़ी में वृक्षारोपण किया गया।

उपस्थित सेना अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विद्यालय में लगी शहीद पट्टिका पर पुष्प अर्पित कर श्रधांजलि अर्पित की। बलिदान दिवस में कैप्टन टी.आर.रोलन, सेना अधिकारी दिलबागसिंह, चक्रवर्तीसिंह खेतासर, भूराराम, गौरव सेनानी जेठूसिंह, हुकमाराम, बक्तेदान, कुनाराम चौधरी, पूर्व उपसरपंच राजवीर चारण, श्रेणीदान, श्रवणदान, अशोक चारण, डूंगरदान, कैलाश दान, कानदान, दुर्गादान, नारायणदान, संजयदान, अनिल सिंह, शैतानदान, भीखसिंह, महेंद्र सिंह, रमेश, पूनमदान, महिपाल मोगड़ा, जीवराजसिंह, श्रवणसिंह तंवर, बजरंगसिंह, मदनदान, भूरदान, खेतदान, भेरुदान, रिड़मलसिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# कजली तीज का पर्व 13 को, झूले व दुकानें सजने लगी

**हुक्मनामा समाचार**

**पीपाड़ शहर।** शहर सहित आसपास ग्रामीण अंचलों मे महिलाओं द्वारा बुधवार को बड़ी कजली तीज का पर्व श्रद्धा एवं उमंग के साथ मनाया जाएगा इस दोरान सुहागिन महिलाओं द्वारा सोलाह श्रृंगार कर तीज माता की सांय समय पूजा कर अपने पति देव के दिर्घायु होने कि प्रार्थना भी कि जाएगी इस अवसर पर शहर की प्राचीन राठोलाई नाडी दशहरा मैदान में बड़ी तीज का मेला भरा जाएगा जहा महिलाओं व बच्चों की भारी भीड़ उमड़ेगी मेले में इस बार झुले आकर्षण का केंद्र रहेंगे।





वहीं परदेशी झूला लगाने वाले रजाक भाई ने बताया कि मेले में नाव झूला,ड्रेगन ट्रैन झूला,जम्पिंग झूला,रेल झूला,कार रेसिंग,स्विमिंग कार झूले भी लगाए गए है मेले में सजने वाली सेकड़ो अस्थाई दुकानों पर बच्चों के साथ महिलाओं द्वारा जमकर खरीददारी की जाएगी मेले में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस की माकुल व्यवस्था रहेगी इस दौरान शहर में बड़ी तीज को लेकर दिनभर महिलाओं कि रेलमपेल लगी रहेगी,एक ओर नवविवाहिता व सुहागिन महिलाओं द्वारा हाथों में मेहंदी लगाकर सामूहिक रूप से तीज माता के प्राचीन गीत गाने के अलावा घूमर नृत्य करते हुए प्राचीन संस्कृति को भी जीवंत किया जाएगा।जबकि देर सांय समय महिलाओं द्वारा सज धजकर सामूहिक रूप से शिव पार्वती व तीज माता का विधिवत पूजन कर तीज माता की कहानी भी सुनी जाएगी शहर में जगह जगह महिलाएं सामूहिक पूजन भी करती नजर आएगी वही पूजन के पश्चात तीजणियो द्वारा देर रात को चंद्रमा को अध्य देकर वर्त का पारण भी किया जाएगा इसके अलावा चन्द्रमा के दर्शन तक शहर के विभिन्न मंदिरों में भी दर्शनों के लिए महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ेगी बड़ी तीज पर बाजार में मिठाई की दुकानों पर सतु बारा घेवर व अन्य मिष्ठान की जमकर खरीददारी हो रही है। उधर साथीन, कोसाना रिंया, जवासिया, सिलारी, बोयल, जसपाली सहित अन्य गांवों में भी परम्परागत रूप से बड़ी तीज का पर्व मनाया जाएगा। उधर रविवार को मेला ग्राउंड पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा भी विशेष साफ सफाई की गई और लाइट की व्यवस्था भी की जाएगी व मैले मे झूलो सहित अस्थाई दुकाने सजनी शुरू हो गई है।

# देवदर्शन यात्रियों की निःशुल्क नेत्र जांच की

**हुक्मनामा समाचार**

**फलौदी।** सेवा भारती समिति फलोदी के कार्यकर्ताओं द्वारा भाद्रपद माह की प्रथम तिथि पर एक दिवसीय देवदर्शन यात्रा का आयोजन किया गया। सेवा भारती जिला मंत्री कंवरलाल डोयल 'काका' ने बताया कि सांसी, वाल्मीकि व गवारिया बस्ती से 24 महिलाएं व 30 पुरुष तीर्थयात्री बस द्वारा रवाना हुए।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, फलोदी से डॉ. दिनेश शर्मा, समाजसेवी मेघराज कल्ला, जिला अध्यक्ष विजय पालीवाल, गौसेवक प्रकाश व्यास, अशोक पालीवाल व भंवरलाल भाऊ ने हरी झंडी दिखाकर पुष्पवर्षा के साथ यात्रा प्रारंभ की। पहला पड़ाव रामदेवरा में रहा, जहाँ सक्षम, विद्या भारती, भारत विकास परिषद, नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन व बाबा रामदेव सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे नैत्रकुंभ में सभी यात्रियों की आंखों की जांच कर जरूरतमंदों को तुरंत निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। इसके बाद यात्रियों ने बाबा रामदेव समाधि, रामसरोवर, पर्चा बावड़ी व डाली बाई मंदिर के दर्शन किए। दोपहर भोज के बाद यात्रा भादरिया राय मंदिर पहुंची, जहाँ माताजी के दर्शन, विशाल गौशाला भ्रमण और एशिया की सबसे बड़ी भूमिगत लाइब्रेरी का अवलोकन किया गया। ब्रह्मलीन संत हरिवंशसिंह निर्मल की प्रेरणा से निर्मित यह लाइब्रेरी यात्रियों के लिए विशेष आकर्षण रही। यात्रा के संचालन में तुलछाराम, अश्विनी जोशी, जगदीश, हिम्मतसिंह, पवन कुमार पंचारिया, कैलाश माचरा, कर्णसिंह और तेजपुरी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शाम को यात्रा फलोदी लौटकर संपन्न हुई।

# महेंद्र भारती की भूखे रहकर खडी तपस्या बनी श्रद्धा का केंद्र

**भीनमाल (हुक्मनामा समाचार)।** निकटवर्ती श्री धूंधलेश्वर महादेव मठ गजीपुरा के महंत एवं श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा चार मढ़ी के अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष महंत प्रेम भारती के शिष्य महेंद्र भारती महाराज पिछले 26 दिनों से भूखे व पैरों पर खड़े रहकर शिवभक्ति में लगे हुए हैं,महाराज की शिव भक्ति आस पास के गांवों व भक्तों में श्रद्धा व चर्चा का विषय बन गया हैं,महाराज के दर्शन व आशीर्वाद के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है।भीनमाल जसवंतपुरा मार्ग पर स्थित श्री प्रेम गौशाला गजीपुरा में स्थित कुटिया में महेंद्र भारती महाराज गत 15 जुलाई से झूले के सहारे खड़े रहकर तपस्या कर रहे हैं। महाराज की तपस्या श्रावण कृष्ण पंचमी से शुरू हुई थी,जो लगातार 41 दिन तक रहेगी। तपस्या की पूर्णाहुति 24 अगस्त को होगी।ज्योतिष शास्त्री प्रवीण कुमार जटाशंकर त्रिवेदी ने बताया कि महेन्द्र भारती महाराज दिन व रात 24 घंटे खड़े रहते हैं, खड़े-खड़े ही अपनी दिनचर्या पूर्ण कर रहे हैं।

# देशभक्ति और स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन

**हुक्मनामा समाचार**

**बालोतरा।** हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान 2025 के तहत जिला कलक्टर श्री सुशील कुमार यादव के निर्देशों और अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीराराम कलबी के मार्गदर्शन में पंचायत समिति बालोतरा की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह अभियान 2 से 15 अगस्त तक चलेगा, जिसका उद्देश्य देशभक्ति के साथ-साथ स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है।



अभियान के दौरान, ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नरेगा श्रमिकों ने टांकों, जलाशयों और सार्वजनिक मार्गों की सफाई की शपथ ली। ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति मुख्यालय पर तिरंगा रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। लोगों ने तिरंगे के साथ फोटो खिंचवाकर, सार्वजनिक स्थानों की सफाई और सजावट कर तथा हर घर तिरंगा का प्रचार-प्रसार कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। राजकीय भवनों और शैक्षणिक संस्थानों में भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली और तिरंगा राखी प्रतियोगिताएं शामिल थीं, जिन्होंने बच्चों, युवाओं और आमजन में देशभक्ति की भावना को और मजबूत किया। इन प्रतियोगिताओं ने स्वतंत्रता दिवस के प्रति उत्साह को बढ़ाया।

**घर-घर लहराया तिरंगा :** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों ने अपने घरों, दुकानों और संस्थानों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का संदेश दिया। यह संयुक्त पहल न केवल स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को सार्थक बना रही है, बल्कि स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर ग्राम के निर्माण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान देशभक्ति और स्वच्छता को एक साथ जोड़कर ग्रामीण भारत को एक नई दिशा दे रहा है।

# कांग्रेस केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रीढ़ है- मेवाड़ा

**हुक्मनामा समाचार**

**सुमेरपुर।** पालडीजोड़ गांव स्थित श्री जी स्टड फार्म पर शनिवार शाम को जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों व मंडल अध्यक्षों का स्वागत समारोह मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री सलाहकार संयम लोढ़ा, अध्यक्षता पाली विधायक भीमराज भाटी एवं मुख्य आयोजक कांग्रेस प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। जिसमें नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला व साफा पहनाकर बहुमान किया गया। इस मौके पर पार्षद चतराराम मेघवाल,सरदार खान,गोविन्द राठौड़, खूबचंद खत्री, नरेश कुमावत, शैतान कुमार मेघवाल, मान सिंह रामनगर, राजेन्द्रसिंह जाखोड़ा, संजय, अर्जन तख्तगढ़, कमलेश चौहान, अल्केश परिहार आदि उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि संयम लोढ़ा ने कहा की पुरे देश में हालात विकट बने हुए है,मोदी शाह खुलेआम सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रहे है,दुर्भाग्य की बात ये है की बीफ एक्सपोर्टर कम्पनियो से चंदा लेने वाले सनातन धर्म के नाम पर देश पर राज कर रहे है,उन्होंने आगे कहा की संसद में इनके पास पूर्ण बहुमत है ये लोग गौ माता को राज्य माता का दर्जा क्यों नहीं दे रहे है?

पाली विधायक भीमराज भाटी ने कहा की नेताओ का तो सम्मान बहुत देखा लेकिन पहली बार देख रहा हूँ की सुमेरपुर में कार्यकर्ताओं का सम्मान हो रहा है, इसके लिए पूर्व प्रधान हरिशंकर मेवाड़ा बधाई के पात्र है,भाटी ने कहा कि नेता बनना है तो जनता के बीच में रहना होगा और लोगों के काम करने होंगे तभी चुनावों में सफलता मिलेगी।

कांग्रेस प्रत्याशी रहें हरिशंकर मेवाड़ा ने कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रीढ़ है। प्रत्येक पदाधिकारी को बूथ-स्तर पर सक्रिय बनना है, जन समस्याओं का समाधान खोजना है और कांग्रेस की विचारधारा फैलानी है उन्होंने कहा कि हम सबको एकजुट होकर आगामी निकाय व पंचायत चुनावों में पार्टी को मजबूत करना होगा।

मेवाड़ा ने आगे कहा की वर्तमान सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है,अफसरशाही पूरी तरह से हावी है,हमें अगले तीन वर्षो तक इनसे हर मोर्चे पर लोहा लेना होगा,उन्होंने सभी से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। युवा कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश राजपुरोहित ने कहा की मोदी भले ही संसद में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू व इंदिरा गाँधी को बात बात पर कोसे लेकिन सच ये है की मोदी खुद को उनके समकक्ष लाना चाहते है,उन्होंने आगे कहा की राजस्थान की भाजपा सरकार में इनके मंत्री,विधायक,प्रदेश पदाधिकार व् हर कार्यकर्ता छाती पीट रहा है,क्योंकि इनके खुद के काम नहीं हो रहे है ये जनता के काम क्या करेंगे,इस राज में शासन प्रशासन पूरी तरह से बेलगाम हो चूका है, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को भी अच्छा कहलवा दिया है।

**इन्होंने भी किया सम्बोधित :** कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष लहर कंवर,गुलाब सिंह गिरवर,सुमेर सिंह राजपुरोहित,प्रेमाराम देवासी,करण सिंह चाणोद,भंवर सिंह चौधरी,जयदेव सिंह राणावत,शंकर देवासी,मुकेश बारोलिया,जाफर सिलावट,अर्जुन सिंह कोलीवाड़ा तखतगढ़ नगर अध्यक्ष फूटरमल सुथार ने भी सम्बोधित किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नेपाल सिंह पावा ने आभार व्यक्त किया,मंच संचालन युवा कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश राजपुरोहित ने किया।

# अमृतवाणी सत्संग वेद भवन फलोदी में सम्पन्न

**हुक्मनामा समाचार**

**फलोदी।** अमृतवाणी सत्संग मण्डल परिवार (वेद भवन) फलोदी की नियमित रविवार सत्संग सुबह 9:30 बजे गणेश व गुरु वंदना के साथ प्रारम्भ हुई। भजन गायकों मुकेश थानवी, जिनेश हुडिया, अशोक जोशी, भागवत आचार्य राधेश्याम ओझा व भँवरलाल थानवी ने मधुर भजनों से सत्संग हाल को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। तत्पश्चात अमृतवाणी पाठ चंपालाल गुचीया, राजू पुरोहित, अशोक जोशी, फुसाराम ज़िंगर व राधेश्याम ओझा के साथ सभी भक्तों ने सामूहिक रूप से किया। राम जपो सुख पाओ स्तुति भँवरलाल सोलंकी ने प्रस्तुत की।



सत्संग में जोधपुर से पधारे वासुदेव पुरोहित एवं प्रेम जोशी का स्वागत श्याम कल्ला व जिनेश हुडिया ने उपरणा ओढ़ाकर किया। प्रार्थना रीतिका शर्मा व किशन प्यारी कल्ला के साथ भक्तों ने सामूहिक रूप से की। ध्यान, भोग व आरती के पश्चात प्रसाद वितरण में देवकिशन पंचारिया, प्रेम जोशी, गोपाल थानवी व किशन बिस्सा ने सहयोग दिया। राम दरबार सजाने में किशन प्यारी कल्ला, उर्मिला थानवी, पंडित ताराचंद शर्मा व बंशी ने सेवा दी। मण्डल व्यवस्था में मोहनलाल जिनगर व किशन बिस्सा का योगदान रहा। चंपालाल गुचीया ने बताया कि मण्डल परिवार आगामी शनिवार 16 अगस्त 2025 को रात्रि 9 बजे से कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम व आनंद से मनाएगा, जिसमें अधिक से अधिक भक्तों से उपस्थिति का आह्वान किया गया।

